अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com | उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र | आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



दैनिक

# राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 259 | लखनऊ, बुधवार, 08 अप्रैल 2026 | पृष्ठ: 8 | मूल्य : 2.00

# उप्र कैबिनेट ने 22 प्रस्तावों को दी मंजूरी

## शिक्षा मित्रों व अनुदेशकों को इसी माह से मिलेगा बढ़ा मानदेय

● चार जिलों के 12 हजार से अधिक विस्थापित परिवारों को नागरिकता पात्रता के संबंध में प्रस्ताव पारित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट ने बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षा मित्र और अनुदेशकों के मानदेय में 10-10 हजार रुपये की मासिक बढ़ोतरी करने की मंजूरी दे दी है। यह बढ़ा हुआ मानदेय इसी माह अप्रैल से दिया जाएगा।सरकार ने पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, रामपुर व बिजनौर के 12 हजार से अधिक विभाजन समय से विस्थापित परिवारों को भारतीय नागरिकता के लिए पात्रता के सम्बंध में प्रस्ताव सहित कुल 22 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को भी अनुमोदित कर दिया है।



मंगलवार को लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई। कैबिनेट बैठक के बाद राज्य के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह और वन मंत्री अरुण सक्सेना ने लोकभवन के मीडिया सेंटर में कैबिनेट निर्णयों की जानकारी पत्रकारों को दी। मंत्री खन्ना ने बताया कि उप्र सरकार 25 लाख स्मार्ट टैबलेट खरीदेगी। इसके लिए कैबिनेट से मंजूरी मिल गयी है। यह टैबलेट उप्र में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। इनमें ज्यादातर अंतिम वर्ष के विद्यार्थी होंगे। इससे पहले 60 लाख स्मार्ट फोन एवं टैबलेट खरीदे जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि औद्योगिक विकास विभाग के आठ प्रस्ताव कैबिनेट में आए। सभी प्रस्तावों को अनुमोदन मिल गया है। सभी आठ प्रस्ताव निवेश से जुड़े हैं। इसमें बुंदेलखण्ड में 100 एकड़ में सोलर प्लांट स्थापित किए जाने, प्रयागराज में 231 करोड़ के निवेश से वाटर प्लांट स्थापित किए जाने, सोलर सेल निर्माण इकाई स्थापित करने संबंधी अन्य प्रस्तावों को मंजूरी शामिल है।

उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने जनपद पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, रामपुर व बिजनौर में भारत पाकिस्तान विभाजन के समय विस्थापित होकर आए परिवारों को भारतीय नागरिकता के लिए पात्रता के सम्बंध में एक प्रस्ताव को स्वीकृति दी है।

इनकी संख्या लखीमपुर खीरी में 2350 परिवार,पीलीभीत में 4 हजार परिवार,बिजनौर में 18 ग्रामों में 3856 परिवार और रामपुर में 16 ग्रामों में 2174 परिवारो को लाभ मिलेगा।

पत्रकार वार्ता में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि परिवहन विभाग के तीन प्रस्तावों को मंजूरी मिली है। पीपीपी मॉडल पर 49 नए बस अड्डों के सम्बंध में प्रस्ताव शामिल है। पहले फ़ेज में पीपीपी मॉडल पर 23 बस अड्डों की एल.वाई जारी हो गई थी। आज 49 बस अड्डों की स्वीकृति मिली है। कुल मिलाकर 52 जनपदों को इससे आच्छादित किया जा रहा है। परिवहन मंत्री ने बताया कि यह पीपीपी मॉडल के बस अड्डे हवाई अड्डे की तर्ज़ पर होंगे। सुविधाओं को एयरपोर्ट की तर्ज पर दिया जाएगा। जनपद हाथरस में सिकन्दराराऊ कस्बे में कृषि विभाग के दो हेक्टेयर भूमि को बस अड्डा के लिए निःशुल्क प्राप्ति पर स्वीकृति मिली है। इसी प्रकार जनपद बुलंदशहर के डिबाई में सिंचाई विभाग की जमीन बस अड्डे के लिए दिए जाने के प्रस्ताव को अनुमोदन मिला है। जनपद बलरामपुर के तुलसीपुर में पीडब्ल्यूडी की भूमि को बस अड्डा निर्माण के लिए दिए जाने को स्वीकृति दी गयी।

बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग के दो प्रस्तावों को मंजूरी मिली है। सभी अंशकालिक अनुदेशकों और शिक्षामित्रों का मानदेय आठ-आठ हजार रुपये प्रति माह के हिसाब से बढ़ाया गया है। शिक्षामित्रों का मानदेय अब 18 हजार होगा। उन्होंने बताया कि उप्र में एक लाख 42 हजार 929 शिक्षा मित्र कार्य कर रहे हैं। एक लाख 29 हजार 332 शिक्षा मित्रों का मानदेय केंद्र का अंश बढ़ाया गया है। 30 हजार के आस-पास शिक्षा मित्रों का अतिरिक्त व्यय भार भी राज्य सरकार वहन करेगी। यह बढ़ोतरी 1 अप्रैल से ही लागू होगी। प्रदेश के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अंशकालिक अनुदेशकों का भी बढ़ा हुआ मानदेय 1 अप्रैल से लागू होगा। प्रदेश के 13 हजार 769 विद्यालयों में अधिकतम 24 हजार 716 अनुदेशक कार्यरत हैं। अनुदेशकों को पहले नौ हजार रुपये प्रति माह मिल रहा था। अब उन्हें 17 हजार रुपये प्रति माह मिलेगा।

### ईडी ने अल फलाह यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष की संपत्ति जब्त की

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत अल फलाह यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी की 39.45 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। इसमें दिल्ली का घर, फरीदाबाद की जमीन और बैंक खाते शामिल हैं। ईडी ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि अल फलाह यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी की 39.45 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई है। इसमें दिल्ली का घर, फरीदाबाद की जमीन और बैंक खाते शामिल हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने बताया कि यह कार्रवाई धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत छात्रों से धोखाधड़ी और धनशोधन के मामले में हुई है। अटैचमेंट में जवाद अहमद सिद्दीकी का जामिया नगर, ओखला, दिल्ली में स्थित रिहायशी मकान; फरीदाबाद के गांव धौज में अल-फलाह यूनिवर्सिटी कैंपस से लगी कृषि भूमि; और जवाद अहमद सिद्दीकी तथा अल-फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट की डीमैट होल्डिंग्स, बैंक बैलेंस और फिक्स्ड डिपॉजिट शामिल हैं।

## संक्षिप्त

### उप्र एटीएस ने शामली से चार संदिग्धों को उठाया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) ने शामली जिले में अलग-अलग जगहों पर छापेमार कर एक महिला समेत चार संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है। इन लोगों पर देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। जानकारी के अनुसार सहारनपुर से आई एटीएस टीम ने मंगलवार की सुबह शामली जनपद में अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की है। कैराना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए चार संदिग्धों को उठाया है। पूछताछ के बाद टीम चारों को अपने साथ ले गई। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि राशिद और उसकी पत्नी समेत चार लोगों को कार सवार युवक अपने साथ ले गए हैं। राशिद नकली करेंसी के मामले में पहले भी जेल जा चुका है। स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने मामले से कुछ भी बताने से इनकार किया है। एटीएस की कार्रवाई के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। एटीएस ने यह कार्रवाई कुछ संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद की है।

### खरगे ने असम के लोगों को याद दिलाई गारंटी, बोले- राज्य के सभी वर्गों को मिलेगा लाभ

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने असम के लोगों को पार्टी के घोषणापत्र में दी गई गारंटियों की याद दिलाई है। उन्होंने कहा कि इससे किसानों, नौजवानों, महिलाओं, छोटे कारोबारियों और चाय बागानों के मजदूरों समेत सभी वर्गों को लाभ मिलेगा। खरगे ने एक्स पर अपने '5 प्रतिश्रुति' अभियान को साझा करते हुए कहा कि कांग्रेस असम के लोगों को न्याय और राहत देने के लिए ठोस कदम उठाएगी। जुबिन गर्ग को 100 दिन में न्याय दिलाया जाएगा। साथ ही महिलाओं के बैंक खातों में बिना शर्त नकद हस्तांतरण किया जाएगा।

### उप्र में कई जिलों में तेज आंधी-बारिश से बदला मौसम, 50 से अधिक जिलों में अलर्ट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मौसम के मिजाज में लगातार बदलाव हो रहा है। मंगलवार को प्रदेश के कई जिलों में बेमौसम बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ी हैं। राजधानी लखनऊ में सुबह हल्की बौछारों के बाद देर शाम तेज आंधी-पानी से जन जीवन प्रभावित हुआ। इसी प्रकार हाथरस समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश कई हिस्सों में आंधी तूफान से कई जगह पेड़ उखड़ गये और बिजली आपूर्ति बाधित रही। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले 48 घंटों में प्रदेश में जगह-जगह आंधी, तेज बारिश और ओलावृष्टि के साथ आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं हो सकती हैं। यह सब एक नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हो रहा है।

# असम पुलिस ने पवन खेड़ा के दिल्ली आवास की तलाशी ली

एजेंसी

नई दिल्ली/गुवाहाटी। असम पुलिस की टीम मंगलवार को कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंची। दिल्ली पुलिस की मौजूदगी में असम पुलिस ने खेड़ा के घर पर छानबीन की। इस दौरान खेड़ा घर में मौजूद नहीं थे। असम पुलिस के अपर पुलिस आयुक्त देबोजीत नाथ के मुताबिक मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी की ओर से पवन खेड़ा के खिलाफ गुवाहाटी स्थित क्राइम ब्रांच पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गयी प्राथमिकी के सिलसिले में पूछताछ के लिए हम यहां आए। हमें इस केस के सिलसिले में पवन खेड़ा की तलाश थी, लेकिन वह नहीं मिले और उनके घर की तलाशी ली गई। हमें कुछ आपत्तिजनक सामान मिला है।



इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ज़ब्त कर लिए गए हैं। वह कहां हैं, यह अभी पता नहीं है, लेकिन उन्हें ढूंढ लिया जाएगा।

दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि असम पुलिस की टीम पवन खेड़ा के निजामुद्दीन पूर्व स्थित आवास पर पूर्वाह्न 11 बजे पहुंची थी और दोपहर 01 बजे के बाद यहां से लौट गयी। सूत्रों के मुताबिक असम पुलिस के यहां पहुंचने से पहले ही पवन खेड़ा दिल्ली से हैदराबाद के लिए रवाना हो चुके थे। हालांकि उनकी इस यात्रा का उद्देश्य स्पष्ट नहीं हो सका।

# असम, केरल और पुडुचेरी में थमा चुनाव प्रचार

● 9 अप्रैल को मतदान, 4 मई को नतीजे

एजेंसी

नई दिल्ली। असम, केरल और पुदुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान मंगलवार शाम 5 बजे समाप्त हो गया। इसके साथ ही चुनाव आयोग के निर्देशानुसार 'साइलेंस पीरियड' लागू हो गया है। इन तीनों क्षेत्रों की कुल 296 सीटों (असम-126, केरल-140, पुदुचेरी-30) पर 9 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान कराया जाएगा, जबकि मतों की गिनती 4 मई को होगी।

जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126(1)(बी) के तहत मतदान से 48 घंटे पहले साइलेंस पीरियड प्रभावी हो जाता है। इस अवधि में किसी भी प्रकार के




चुनाव प्रचार, टीवी-रेडियो प्रसारण, रैलियों या मतदाताओं को प्रभावित करने वाली सामग्री के प्रसार पर पूर्ण प्रतिबंध रहता है। असम विस चुनाव- असम की 126 विधानसभा सीटों के लिए 722 उम्मीदवार मैदान में हैं।

नामांकन वापसी के अंतिम दिन 67 उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस ले लिए। इनमें केवल 59 महिला उम्मीदवार हैं, जो कुल का लगभग 8 प्रतिशत है, जबकि महिला मतदाताओं की भागीदारी करीब 50 प्रतिशत है। राज्य में कुल 2.5 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.25 करोड़ पुरुष, 1.25 करोड़ महिलाएं और 343 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। 18-19 वर्ष आयु वर्ग के 5.75 लाख युवा पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। राज्य की 15वीं विधानसभा का कार्यकाल 20 मई 2026 को समाप्त हो रहा है।

केरल विस चुनाव- केरल विधानसभा की 140 सीटों के लिए 890 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। यहां प्रमुख राजनीतिक दलों के बीच मुकाबला त्रिकोणीय है, जिससे चुनावी प्रतिस्पर्धा तीव्र हो गई है। सरकार बनाने के लिए 71 सीटों का बहुमत आवश्यक है। राज्य में कुल 2.71 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.32 करोड़ पुरुष, 1.39 करोड़ महिलाएं और 273 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। इसके अलावा 2.42 लाख से अधिक प्रवासी मतदाता भी मताधिकार के पात्र हैं। पुदुचेरी विस चुनाव- पुदुचेरी में 30 सीटों पर चुनाव हो रहा है, जिनमें 5 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। सरकार बनाने के लिए 16 सीटों का बहुमत जरूरी है।

यहां कुल 9.44 लाख मतदाता हैं, जिनमें लगभग 4.43 लाख पुरुष, 5 लाख महिलाएं और 139 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। मतदान के लिए 1,099 केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 610 शहरी और 489 ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं।

### तमिलनाडु व पश्चिम बंगाल में भी चुनावी गतिविधियां

इस बीच तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में भी विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया तेज हो गई है। नामांकन पत्रों की जांच पूरी हो चुकी है और उम्मीदवार 9 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकते हैं। तमिलनाडु की 234 सीटों और पश्चिम बंगाल के पहले चरण की 152 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होगा, जबकि पश्चिम बंगाल के दूसरे चरण की 142 सीटों पर 29 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के चुनाव परिणाम 4 मई को घोषित किए जाएंगे, जो आने वाले समय में क्षेत्रीय राजनीति की दिशा तय करेंगे।

# गीत 'टट्टीरी' विवाद पर महिला आयोग के समक्ष पेश हुए बादशाह, मांगी माफी

एजेंसी

नई दिल्ली। गीत टट्टीरी को लेकर विवाद में आए गीतकार एवं गायक बादशाह मंगलवार को राष्ट्रीय महिला आयोग के समक्ष पेश हुए। उन्होंने गीत के बोल के लिए महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर से माफी मांगी और महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य करने का भरोसा दिया।

सुनवाई के दौरान गीतकार एवं गायक आदित्य प्रतीक सिंह उर्फ बादशाह के साथ निर्देश जोबन संधू, महावीर सिंह और निर्माता हितेन उपस्थित रहे।सुनवाई के बाद मीडिया



से बातचीत में आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने कहा कि टट्टीरी गीत के बोल एवं उसका प्रस्तुतीकरण महिलाओं की गरिमा और शालीनता को ठेस पहुंचाने वाला है। इस गीत से महिलाओं की गरिमा को क्षति हुई। उन्होंने कहा कि गायक और उनके सभी संबंधित पक्षों को इसकी पुनरावृत्ति न करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी संबंधित पक्षों ने आयोग के समक्ष लिखित रूप में बिना शर्त माफी मांगी और समाज को हुए नुकसान पर खेद व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि बादशाह ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। वे चार माह के भीतर महिला सशक्तिकरण पर एक सकारात्मक गीत बनाएंगे। उन्होंने यह भी भरोसा दिया कि वे भविष्य में इस प्रकार की किसी भी गतिविधि में शामिल नहीं होंगे। बादशाह ने आयोग के सामने आर्थिक रूप से कमजोर 50 बालिकाओं की शिक्षा का प्रायोजन करने की बात रखी।

# ईरान के परमाणु ईंधन चक्रण केंद्र पर हमला, होर्मुज न खुलने पर अमेरिका की तबाही मचाने की धमकी

एजेंसी

तेहरान/वाशिंगटन। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच पिछले 38 दिन से जारी युद्ध के बीच ईरान ने स्वीकार किया है कि अमेरिका-इजराइल ने उसके परमाणु ईंधन चक्रण केंद्र पर हमला किया है। इस बीच अमेरिका की उस चेतावनी को लेकर ईरान में घबराहट का माहौल व्याप्त है जिसमें उसने कहा है कि अगर ईरान ने मंगलवार को तय समय सीमा पर



होर्मुज जलडमरूमध्य को नहीं खोला तो तबाही मचा दी जाएगी।

ईरानी परमाणु ऊर्जा संगठन ने मध्य ईरान में स्थित इस केंद्र (येलोकेक उत्पादन सुविधा) पर हमले की निंदा की है और इसे शांतिपूर्ण परमाणु स्थलों की सुरक्षा का उल्लंघन बताया है। इस केंद्र को शाहिद रजाई नेजाद सुविधा के नाम से भी जाना जाता है। यह ईरान के यज्द प्रांत के अर्दाकान शहर में स्थित है। यह केंद्र ईरान के परमाणु कार्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह एक यूरेनियम उत्पादन संयंत्र है। यहां यूरेनियम अयस्क को येलो केक में बदला जाता है।

# रेलवे ने एआई-डिजिटल तकनीक से यात्री सुरक्षा एवं सुविधा को बनाया और बेहतर

एजेंसी

नई दिल्ली। रेल मंत्रालय ने वर्ष 2025-26 के दौरान यात्रियों की सुरक्षा, बेहतर संचार और सुविधाजनक यात्रा अनुभव के लिए कई नई तकनीकी पहलें शुरू की हैं। इन पहलों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), आधुनिक संचार प्रणाली और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का व्यापक उपयोग किया गया है। रेल मंत्रालय के अनुसार, रेलवे ने 1,405 स्टेशनों पर रियल टाइम ट्रेन अनाउंसमेंट सिस्टम लागू किया है, जिससे यात्रियों को ट्रेनों से जुड़ी जानकारी समय पर मिल रही है। यह सिस्टम नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम




से जुड़ा हुआ है, जिससे घोषणाएं स्वतः होती हैं। यात्रियों की सुरक्षा के लिए 1,874 स्टेशनों पर एआई आधारित हाई-टेक वीडियो सर्विलांस सिस्टम लगाया गया है। यह सिस्टम घुसपैठ और संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करने में सक्षम है और फ़ेस रिकग्निशन तकनीक से निगरानी को और मजबूत बनाता है। संचार व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 1,396 स्टेशनों पर आधुनिक टेलीकॉम नेटवर्क आईपी एमपीएलएस तकनीक के जरिए स्थापित किया गया है। इससे रेलवे के विभिन्न ऑपरेशन्स जैसे टिकटिंग, ट्रेन कंट्रोल और वीडियो मॉनिटरिंग में तेजी और दक्षता आई है। इसके अलावा, कठिन इलाकों में स्थित रेल सुरंगों में टनल कम्युनिकेशन सिस्टम लगाया जा रहा है, जिससे सुरंग के अंदर और कंट्रोल रूम के बीच लगातार संपर्क बना रहता है। इससे सुरक्षा और समन्वय में सुधार हुआ है। इन सभी कदमों से भारतीय रेल एक आधुनिक, सुरक्षित और यात्री-केंद्रित परिवहन प्रणाली की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है।

# ममता ने बंगाल की स्थिति को किया बदतर : राजनाथ

● बैरकपुर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस सरकार पर किया तीखा प्रहार

एजेंसी

उत्तर परगना । उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में मंगलवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के शासन में पश्चिम बंगाल की स्थिति बद से बदतर हो गई है।

वरिष्ठ भाजपा नेता ने बैरकपुर में विशाल जनसभा को संबोधित करते



हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के तीन कार्यकाल के दौरान राज्य की आर्थिक संभावनाओं को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि भारत की कुल अर्थव्यवस्था में बंगाल का हिस्सा लगभग 10 प्रतिशत से ज्यादा था, लेकिन आज स्थिति बिल्कुल बदल गई है। अब बंगाल का देश की अर्थव्यवस्था में हिस्सा घटकर लगभग 6 प्रतिशत रह गया है।

राजनाथ ने कहा कि जहां देश के अन्य राज्यों में औद्योगिक विकास तेजी से हो रहा है, वहीं पश्चिम बंगाल में निवेश का माहौल कमजोर हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई उद्योग राज्य से बाहर चले गए हैं और नए निवेशक भी यहां आने से हिचकिचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ममता दीदी के राज में हालात ऐसे हो गए हैं कि यहां न्याय देने वाले ही सुरक्षित नहीं हैं। आज प्रदेश में ज्यूडिशियल ऑफिसर्स को रातभर बंधक बना लिया जाता है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि बंकिमचंद्र चटर्जी ने 'वंदे मातरम्' के रूप में केवल शब्द ही नहीं दिए थे, बल्कि एक सोई हुई और अपनी पहचान खो चुकी सभ्यता को उसका आत्मबोध भी कराया था। बंकिम बाबू ने भारतवासियों को यह याद दिलाया कि हम सभी भारत माता की संतान हैं।

### कोलकाता पर हमले की पाकिस्तानी धमकी पर राजनाथ बोले- टुकड़े-टुकड़े कर देंगे

कोलकाता। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ द्वारा कोलकाता पर हमले की धमकी देने वाले बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि पाकिस्तान को इस तरह की भड़काऊ और गैर जिम्मेदाराना बयानबाजी से बचना चाहिए, अन्यथा उसे इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। पश्चिम बंगाल के बैरकपुर में चुनाव प्रचार के दौरान आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि उस युद्ध के बाद पाकिस्तान दो हिस्सों में बंट गया था और बांग्लादेश का गठन हुआ था। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर पाकिस्तान इस बार पश्चिम बंगाल की ओर बुरी नजर डालने की कोशिश करेगा तो इस बार उसके कितने टुकड़े होंगे, यह केवल भगवान ही जानते हैं।

# दो महीन में दूसरी बार आत्महत्या करने पहुंची महिला, लोकभवन के बाहर पुलिस ने पकड़ा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। राजधानी में एक महिला ने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया। मौके पर तैनात आत्मदाह दस्ते ने महिला को आग लगाने से पहले ही काबू में कर लिया। घटना मंगलवार दोपहर हजरतगंज स्थित लोकभवन के गेट पर हुई। महीने ने इससे पहले 27 फरवरी को भी आत्महत्या का प्रयास किया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला अचानक लोकभवन के गेट के पास पहुंची। अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया। इससे पहले कि वह आग लगा पाती, ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। उसे थाने ले गए। आत्मदाह निरोधक दस्ता ने महिला को खुद को आग लगाने से पहले ही पकड़ लिया। महिला की पहचान संध्या सिंह के रूप में हुई है। वह मानकनगर के न्यू श्रीनगर की रहने वाली है। संध्या का मानक नगर क्षेत्र में जमीनी विवाद चल रहा है। संध्या ने बताया कि उनके मकान संख्या 559 ख/365 से संबंधित भूमि का रकबा 2 बिस्वा है। इसकी पैमाइश भी कराई गई थी, लेकिन घनी आबादी होने के कारण जमीन को मौके पर स्पष्ट रूप से चिह्नित नहीं किया जा सका। लेखपाल ने बताया कि उनकी भूमि का रकबा कम है और बगल के रहने वाले इकबाल सिंह ने उनके हिस्से की जमीन पर कब्जा कर लिया है। संध्या ने इकबाल सिंह से बात की तो वह झगड़े पर आमादा हो गया। गाली-गलौज की। पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। इससे संध्या और उनका परिवार भयभीत है। पीड़िता संध्या सिंह ने कहा-पड़ोसी ने उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता है। संध्या ने बताया जमीन की इंद्राज,इंतखाब में स्पष्ट रूप से 2 बिस्वा भूमि दर्ज है, जबकि मौके पर जमीन कम है। कई बार अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया। सीएम की जनसुनवाई में भी गई। लेकिन, जमीन की दोबारा पैमाइश नहीं कराई गई। प्रशासन से मांग की है कि मानक नगर के न्यू श्रीनगर स्थित मकान (संख्या 559 ख/365) की नियमानुसार दोबारा पैमाइश कराकर उनकी 2 बिस्वा भूमि दिलाई जाए। परिवार को सुरक्षा दी जाए। महिला ने बताया जिला अधिकारी, सीएम और नेताओं से अपील कर चुकी हैं। हर कोई सिविल का मामला होने के चलते उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दे कर वापस कर देता है। लगातार चक्कर काटते-काटते परेशान होकर आत्मदाह का कदम उठाया है।

# मैक्स हॉस्पिटल, लखनऊ, ने वर्ल्ड हेल्थ डे पर शुरू किया प्रिवेंटिव हेल्थ सेंटर'

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। प्रोएक्टिव और प्रिवेंटिव हेल्थकेयर के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ, ने वर्ल्ड हेल्थ डे के अवसर पर अपने सेंटर फॉर प्रिवेंटिव हेल्थ की शुरुआत की। इस सेंटर का उद्घाटन योगेश शुक्ला, विधायक, बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र, लखनऊ ने किया, जिन्होंने शुरुआती पहचान और लाइफस्टाइल आधारित बीमारियों की रोकथाम के बढ़ते महत्व पर जोर दिया। एडवांस्ड डायग्नोस्टिक टेक्नोलॉजी और विशेषज्ञ डॉक्टरों की मल्टीडिसिप्लिनरी टीम के सहयोग से यह नया सेंटर पर्सनलाइज्ड प्रिवेंटिव केयर, रिस्क असेसमेंट और लाइफस्टाइल गाइडेंस उपलब्ध कराएगा, जिससे लोग अपने स्वास्थ्य को पहले से बेहतर तरीके से मैनेज कर सकेंगे। लॉन्च के दौरान डॉ. नकुल सिन्हा, चेयरमैन - कार्डियोलॉजी, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ, ने कहा कि, प्रिवेंटिव हेल्थकेयर अब विकल्प नहीं, बल्कि जरूरत बन चुका है। हाई ब्लड प्रेशर और हार्ट से जुड़ी बीमारियों जैसे लाइफस्टाइल डिजीज के बढ़ते मामलों के बीच, समय पर स्क्रीनिंग से लंबे समय की जटिलताओं को काफी हद तक कम किया जा सकता है। अधिकांश जीवनशैली संबंधी रोग एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं और उनकी प्रोग्रेस व कॉम्प्लिकेशन एक-दूसरे को प्रभावित करते हैं। व्यापक जांच से हमें उन शुरुआती संकेतों की चेतावनी मिलती है जो भविष्य में गंभीर रूप ले सकते हैं। यह सेंटर लोगों को उनके रिस्क प्रोफाइल को समझने और समय रहते कदम उठाने में मदद करेगा।ल्ल डॉ. हृदयनाथ त्रिपाठी, डायरेक्टर एवं एचओडी - इंटरनल मेडिसिन, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ, ने इस सुविधा के होलिस्टिक अप्रोच पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कई गंभीर बीमारियां समय के साथ बिना लक्षण के विकसित होती हैं। स्ट्रक्चर्ड हेल्थ चेक-अप और विशेषज्ञ परामर्श के माध्यम से हमारा फोकस शुरुआती पहचान और मरीजों को लंबे समय तक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए मार्गदर्शन देना है।

डॉ. सुशील गुप्ता, प्रिंसिपल डायरेक्टर एवं हेड - एंडोक्रिनोलॉजी एवं डायबिटीज, मैक्स हॉस्पिटल, लखनऊ ने मेटाबॉलिक डिसऑर्डर के प्रबंधन में प्रिवेंटिव केयर के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, ल्लभारत में डायबिटीज और एंडोक्राइन से जुड़ी बीमारियों के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। नियमित जांच और जोखिम कारकों की शुरुआती पहचान बेहद जरूरी है।

# इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एआई समिट,देशभर के एक्सपर्ट ने शेयर किए अनुभव

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 7 अप्रैल को संपर्क फाउंडेशन द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई समिट) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा और महानिदेशक बेसिक शिक्षा मोनिका रानी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। समिट के दौरान शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते उपयोग और उसके प्रभाव को लेकर अलग-अलग सत्र आयोजित किए गए, जिनमें आधुनिक तकनीक के जरिए पढ़ाई को अधिक प्रभावी और रोचक बनाने पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में देश के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों जैसे आईआईएम लखनऊ, आईआईटी कानपुर और आईआईटी के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। इन विशेषज्ञों ने बताया कि कैसे एआई की मदद से बच्चों के पठन-पाठन को अधिक इंरैक्टिव और प्रभावी बनाया जा सकता है। महानिदेशक बेसिक शिक्षा मोनिका रानी ने बताया कि समिट में प्रदेश के सभी बीएसए और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। इसके साथ ही अन्य राज्यों के शिक्षा विभाग के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि अब समय एआई का है और इसके जरिए शिक्षक हर बच्चे की अलग-अलग क्षमता का आकलन कर सकते हैं। इसी आधार पर उन्हें बेहतर और व्यक्तिगत शिक्षा दी जा सकती है। खेल-खेल में सीखने की अवधारणा को भी एआई के जरिए मजबूत किया जा रहा है, जिससे पढ़ाई बच्चों के लिए अधिक आसान और रोचक बन सके। संपर्क फाउंडेशन द्वारा वर्तमान में प्रदेश के 10 जिलों के करीब 4100 विद्यालयों में डिजिटल क्लासेस के माध्यम से काम किया जा रहा है। इसके अलावा कई गैर-सरकारी संगठनों के साथ नॉन-फाइनेंशियल एग्रीमेंट के जरिए भी शिक्षा क्षेत्र में सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं।

## बस ने मारी बाइक को टक्कर, किसान की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

लखनऊ। राजधानी के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के कूड़ा चौराहा के पास 6 अप्रैल को सुबह करीब 5 बजे दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार बस ने एक बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दो शख्स घायल हो गए। इलाज के लिए उनको अस्पताल ले जाया गया। जहां एक किसान ने दम तोड़ दिया। वहीं एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। माल सपरा मऊ निवासी श्रवण खेत से सब्जी लेकर सब्जी मंडी में बेचने आए थे। उनके साथ गांव का ही युवक बहादुर भी था। मंडी में सब्जी बेचने के बाद दोनों लोग सुबह करीब पांच बजे वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के कूड़ा चौराहे के पास एक बस ने मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी की गाड़ियां अनियंत्रित होकर फिसलते हुए कुछ दूर तक चली गई। टक्कर के बाद दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# लखनऊ में आग से जलकर दुकान और गोदाम स्वाहा



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के नाका थाना इलाके में मंगलवार को एक दुकान और गोदाम में आग लग गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और फायर बिग्रेड कर्मियों ने आग को बुझाया। एफएसओ राम कुमार ने बताया कि नाका थाना क्षेत्र में बैंक आफ बड़ौदा के पास इलेक्ट्रॉनिक सामान के गोदाम में आग लग गई। आग की चपेट में एक दुकान भी आ गई। आग का विकराल रूप देखकर स्थानीय लोगों में हड़कम्प मच गया। इस बीच सूचना पर हजरतगंज और आलमबाग फायर स्टेशन से दो-दो गाड़ियां दमकल की मौके पर पहुंचीं। पुलिस और फायर बिग्रेड कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आग की वजह से गोदाम में रखा पूरा इलेक्ट्रॉनिक का सारा सामान जलकर स्वाहा हो गया है। गनीमत यह है कि अभी तक आग से किसी भी प्रकार की जनहानि की खबर नहीं है। नुकसान का आकलन दुकानदार की ओर से किया जा रहा है। आग कैसे लगी इसको लेकर भी जांच चल रही है।

## सुबह सड़क किनारे एक युवक का शव मिला दोस्तों पर हत्या करके शव फेंकने का आरोप

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में मंगलवार सुबह सड़क किनारे एक युवक का शव मिला। उसकी पहचान 22 साल के रैंकिश के रूप में हुई। वह निगोहां थाना क्षेत्र के नंदौली गांव का रहने वाला था। करीब 12 घंटे से लापता था। उसके परिजनों ने दोस्तों पर हत्या करके शव फेंकने का आरोप लगाया है। घटना निगोहां थाना क्षेत्र में निगोहां गांव स्थित गैस गोदाम के पास बाबू खेड़ा रोड की है। घटना स्थल से मृतक के घर की दूरी करीब 6 किलोमीटर है। पुलिस घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। मामले की सभी एंगल से जांच कर रही है। मृतक के बड़े भाई लवकुश ने बताया रैंकिश सोमवार सुबह ब्रह्मदासपुर के राजमिस्त्री नंदकिशोर और रामराज के साथ घर बनाने लखनऊ शहर गया था। देर शाम तक वह वापस नहीं लौटा। उसके मोबाइल नंबर नंबर पर कॉल की गई तो नंबर नहीं लगा।

## किसानों को बड़ी राहत देगी योगी सरकार : लखनऊ में गेहूं के लिए 43 केंद्रों पर खरीद, डीएम ने किया निरीक्षण



लखनऊ। रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए राजधानी में बनाये गए 43 केंद्रों पर गेहूं की खरीद की जा रही है। वर्तमान में जनपद में कुल 170.00 कुंतल गेहूँ की खरीद की गई है। जिलाधिकारी विशाख जी ने सोमवार को पीसीएफ के मसौली स्थित क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। केंद्र पर 22 किसानों से 541 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। निरीक्षण में केंद्र पर किसानों के बैठने एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था मिली। जिलाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 160 रुपये प्रति क्विंटल अधिक है। किसानों को उतराई एवं छनाई मद में 20 रुपये प्रति क्विंटल धनराशि गेहूं के मूल्य के साथ उनके बैंक खातों में पीएफएमएस के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी।

# अखिलेश को पोस्टर में रहमान डकैत दिखाने पर भड़के सपाई, सड़क पर उतरे, पोस्टर फाड़े

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राजधानी में अखिलेश यादव के खिलाफ लगी होर्डिंग्स के विरोध में मंगलवार दोपहर सपा कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। पोस्टर फाड़ डाले और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सपाइयों ने कहा सत्ता पक्ष के लोग इस तरह के होर्डिंग्स लगाकर हमारे नेता का अपमान कर रहे हैं। इसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। ये होर्डिंग्स 'यूथ अगेंस्ट माफिया' नाम की संस्था ने लखनऊ, जौनपुर, अमेठी समेत 10 जिलों में लगवाए हैं। इसकी तस्वीरें मंगलवार सुबह सामने आईं। इसके बाद सपा कार्यकर्ताओं में नाराजगी फैल गई। होर्डिंग में अखिलेश को फिल्म धुरंधर के विलेन रहमान डकैत की तरह दिखाया गया है। नीचे लिखा है- अखिलेश का ल्यारी राज। इसके नीचे उनके शासनकाल के दौरान हुए मुजफ्फरनगर, शामली के दंगों की खबरों की कटिंग लगी है। होर्डिंग में एक तरफ कन्या पूजन करते योगी की तस्वीर लगी है। नीचे लिखा है- धुरंधर सीएम। इसके नीचे माफिया अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी पर एक्शन की कटिंग लगी है। होर्डिंग के जरिए पूछा गया है- आपको क्या चाहिए? समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार शुक्ला ने कहा ये होर्डिंग सस्ती लोकप्रियता पाने की साजिश है। लोकप्रियता ऐसे नहीं मिलती, इसके लिए समाज में रहकर काम करना पड़ता है। हमारे नेता अखिलेश यादव जन-जन तक पहुंचे और लोगों के दुख-दर्द में शामिल हुए। होर्डिंग लगाने वाले कह रहे हैं कि वे जेन-जी को जागरूक कर रहे हैं। तो बताएं कि उन्होंने क्या बेहतर काम किया है? मौजूदा सरकार में सबसे ज्यादा बलात्कार हुए हैं। अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा सपा देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। अखिलेश यादव उसके सुप्रीमो हैं। जिस तरह लखनऊ यूनिवर्सिटी गेट के सामने होर्डिंग लगाई गई, वह बेहद शर्मनाक है। अगर ये लोग नहीं माने, तो क्रिया की प्रतिक्रिया होगी। हम भी पूरे शहर में होर्डिंग लगाने का काम करेंगे। शिव प्रकाश यादव ने कहा जिस तरह से हमारे नेता का अपमान किया गया, उसे माफ नहीं किया जाएगा। 2027 के चुनाव में जनता भाजपा सरकार को उखाड़कर फेंक देगी। हम लोग इसको कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। बीजेपी के लोग अगर नहीं सुधरेंगे, तो हम पूरे लखनऊ में होर्डिंग लगा देंगे। होर्डिंग में एक तरफ सपा शासन को दंगे, अराजकता और माफियाराज से जोड़कर दिखाया गया है। लाल टोपी, काला चश्मा लगाए अखिलेश की एडिट की हुई तस्वीर लगी है। इसमें अखिलेश रहमान डकैत की तरह दिखाए गए हैं। उनकी तस्वीर के नीचे 2012 से 2017 के बीच के सपा शासनकाल के अपराधों की घटनाओं का जिक्र किया गया है। फिल्म धुरंधर में रहमान डकैत की भूमिका बॉलीवुड एक्टर अक्षय खन्ना ने निभाई है। रहमान डकैत पाकिस्तान के कराची में ल्यारी नाम के इलाके का डॉन था। वहीं, सीएम योगी की सरकार में माफिया के खिलाफ की गई कार्रवाई के बारे में बताया गया है। होर्डिंग पर 'यूथ अगेंस्ट माफिया' नामक संस्था के पदाधिकारियों के नाम और तस्वीरें लगी हैं। सीएम आवास के पास लगी होर्डिंग में संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष आशुतोष सिंह, महामंत्री अभिनव तिवारी के नाम फोटो सहित लगे हैं।

## बसों पर नहीं, मंत्री की भ्रष्ट करतूतों पर चले बुलडोजर अखिलेश यादव का सरकार पर तीखा हमला

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन विभाग में बगैर बस चलाए चालकों द्वारा वेतन उठाये जाने का मामला सामने आने के बाद समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार हमला बोलते हुये कहा कि मुख्यमंत्री को बसों पर बुलडोजर चलाने का नाटक करने के बजाय मंत्री की भ्रष्ट करतूतों पर चलवाने चाहिए। अखिलेश यादव ने मंगलवार को एक्स पर लिखा, सब जानते हैं चलेगा (बुलडोजर) नहीं क्योंकि इस गोरखधंधे का सबसे बड़ा हिस्सा तो मुख्य-दान पेटी में ही आता है। इसीलिए मंत्री पर उनकी दया-दृष्टि आमदनी के आगमन के अनुपात में बनी रहेगी। उन्होंने कहा, इधर गर्मियों की छुट्टियों में जनता आने-जाने के लिए परेशान है और उधर भाजपाई और उनके संगी-साथी परिवहन विभाग के पहिये खोलकर बेचने में लगे हैं। यही वो कारण है जिसकी वजह से उप्र के विकास की गाड़ी भाजपा के भ्रष्टाचार की मारी धँसी सड़क में धँसकर पूरी तरह ठहर गयी है। अखिलेश यादव ने कहा कि यातायात और आवागमन की व्यवस्था का बाधित होना सीधे तौर पर अर्थव्यवस्था पर असर डालता है। उन्होंने कहा कि भाजपाई ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था नहीं, ट्रिलियन डॉलर की अपनी व्यवस्था बनाने में लगे हैं। भाजपा को आम जनता से न कोई मतलब था, न है, न कभी रहेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा जाए तो बस चल पाए, पर चिंता न करें बुरे दिन जानेवाले हैं। गौरतलब है कि परिवहन विभाग में भ्रष्टाचार को लेकर एक बड़ा खुलासा सामने आया है। जानकारी के अनुसार, 1671 ड्राइवर ऐसे पाए गए हैं जो बिना बस चलाए ही वेतन उठा रहे हैं, जबकि करीब 50 प्रतिशत चालकों का रिकॉर्ड शून्य किलोमीटर का दर्ज हुआ है। फिलहाल, इस पूरे मामले पर सरकार या परिवहन विभाग की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# राजस्थान में टैफ़े जेफार्म का उद्घाटन, कृषि समुदाय के सशक्तीकरण की ओर एक और कदम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- पूरे राज्य में संधारणीय कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए ग्राहक अनुभव, किसान संपर्क और उत्पाद प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारम्भ

लखनऊ। दुनिया के सबसे बड़े ट्रैक्टर निर्माताओं में से एक, ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड (टैफ़े) ने भवानी मंडी, राजस्थान में अपने अनुकूली अनुसंधान केंद्र, कैफ़े जेफार्म का उद्घाटन किया, जो टिकाऊ कृषि पद्धतियों को साझा करके कृषि उत्पादकता और किसानों की समृद्धि को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है। कार्यक्रम की शुरुआत में टी.आर. केशवन, ग्रुप प्रेसिडेंट - कॉर्पोरेट रिलेशन एंड अलायन्सेज, ने एक विशेष संबोधन प्रस्तुत किया। टैफ़े के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संदीप सिन्हा ने स्थानीय सरकारी संगठनों के प्रमुख सदस्यों, राजस्थान डीलर पार्टनरों और सबसे महत्वपूर्ण अतिथियों - अपने ग्राहकों की उपस्थिति में इस केंद्र का उद्घाटन किया। नव उद्घाटित जेफार्म राजस्थान एक अत्याधुनिक तथा एकीकृत कृषि अनुसंधान एवं विकास केंद्र है, जो अपने विभिन्न अनुभागों के माध्यम से किसानों को सहायता प्रदान करता है जिसमें ग्राहक अनुभव केंद्र (सीईसी) जो लाइव प्रदर्शनों और इंटरैक्टिव अनुभवों के माध्यम से टैफ़े की उत्पाद श्रृंखला का निदर्शन करता है और उत्पाद प्रशिक्षण केंद्र (पीटीसी) जो डीलरों, सेवा कर्मियों और किसानों के लिए व्यावहारिक तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करता है। जबकि किसान संपर्क केंद्र ज्ञान प्रसार, सर्वोत्तम पद्धतियों और आधुनिक कृषि तकनीकों पर जानकारी उपलब्ध कराता है। इस केंद्र का उद्देश्य किसानों को केवल व्यावहारिक जानकारियाँ प्रदान करना ही नहीं, बल्कि रियल-टाइम निदर्शन के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाना भी है, ताकि उनकी उत्पादकता और दक्षता में सुधार हो सके। किसानों को इस केंद्र में कृषि विज्ञान के साथ-साथ कृषि पद्धतियों में नवीनतम प्रगतियों की जानकारी मिलेगी, जैसे कि फसल उत्पादन, संरक्षण और प्रसंस्करण के रुझान, साथ ही भारतीय कृषि परिस्थितियों के अनुकूल अपनाए गए विश्व स्तरीय कृषि मशीनीकरण समाधान भी प्रदर्शित होंगे। जे फार्म भवानी मंडी केंद्र किसानों की सक्रिय भागीदारी के साथ राजस्थान के कृषि परिदृश्य को अधिक उत्पादकशील तथा संधारणीय भविष्य की ओर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। टैफ़े अपने ग्राहकों को सशक्तीकरण प्रदान कर, एक प्रगतिशील, आत्मनिर्भर और समृद्ध कृषि समुदाय बनाने की दिशा में प्रयासरत है। टैफ़े की विशिष्ट कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण पहल - जे फार्म की स्थापना 1964 में चेन्नई के केलंबक्कम में हुई थी और तब से यह कृषि मशीनीकरण और जमीनी स्तर पर कृषि आवश्यकताओं के बीच की खाई को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। केलंबक्कम के अलावा, तेलंगाना में भी एक जेफार्म केंद्र मौजूद है।

# भाजपा की आपसी लड़ाई से प्रदेश का विकास प्रभावित हो रहा: अजय राय

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मंत्री अजय राय ने भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम में भाजपा द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दरकिनार किए जाने और योगी आदित्यनाथ के शामिल न होने को लेकर निशाना साधा है, और कहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर भाजपा के अंदर असंतोष चरम पर है जो अब कार्यक्रमों में भी नजर आ रहा है, स्थापना दिवस जैसे कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री होकर भी योगी आदित्यनाथ को दरकिनार कर दिया गया, यह इस बात का प्रमाणित करता है, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ सरकार में गौमाता के दुर्दशा पर सरकार को घेरा और ज्योतिबा फुले की जयंती पर कांग्रेस पार्टी के द्वारा अधिवक्ता सम्मेलन कराने की बात कही, प्रेस वार्ता में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के साथ प्रमुख रूप से विधि विभाग अध्यक्ष आसिफ रिजवी रिंकू, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी और उमाशंकर पाण्डेय मौजूद रहे । प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि कल भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रम के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष, सरकार के डिप्टी सी.एम. और मंत्री नेता उपस्थित रहे, लेकिन उक्त कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद नहीं थे। जबकि वह प्रदेश में ही थे लेकिन स्थापना दिवस कार्यक्रम में नही शामिल हुए, इससे भाजपा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर व्यापक असंतोष दिखाता जिसकी वजह से भाजपा पार्टी के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में उन्हें दरकिनार किया गया। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि स्थापना दिवस के कार्यक्रम में जो वहां नही उपस्थित थे, उन नेताओं पदाधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जोड़ा गया और संबोधन भी हुआ, लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस प्रक्रिया से भी दूर रखा गया। इससे यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि भारतीय जनता पार्टी के अंदर आंतरिक मतभेद और तनाव चरम पर हैं। अजय राय ने कहा कि लगभग 10 साल से भाजपा योगी आदित्यनाथ जी की सरकार के बावजूद वह अपनी जवाबदेही से बचने के लिए कांग्रेस पर देश के साथ विश्वासघात के झूठे आरोप लगा रहे हैं जिसका जवाब जनता ने 2024 में उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन को जिताकर और बीजेपी को हराकर दे दिया है, आज वास्तविकता यह है कि आज उत्तर प्रदेश की जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। किसानों, नौजवानों, महिलाओं और व्यापारियों से किए गए वादे पूरे नहीं किए गए। अजय राय ने कहा कि 2022 के चुनावों में जो वादे किए गए थे– 70 लाख नौकरी के अलावा रोजगार देने, किसानों की आय दोगुनी करने और बेहतर कानून व्यवस्था के पर ये वादे जमीन पर नजर नहीं आते। प्रयागराज और लखनऊ में युवाओं पर लाठीचार्ज, 69,000 शिक्षक भर्ती से जुड़े अभ्यर्थियों का भटकना, और न्याय के लिए कोर्ट के चक्कर लगाना–ये सब सरकार की नाकामी को दर्शाते हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से जुड़े कर्मचारियों की समस्याएं, बुलडोजर कार्रवाई, और कानून-व्यवस्था के नाम पर हो रही कार्रवाइयों ने आम जनता में भय और असंतोष का माहौल पैदा किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने वीडियो दिखाते हुए कहा कि सबसे चिंताजनक और भावुक करने वाली घटना वाराणसी से सामने आई है, जो देश के प्रधानमंत्री का संसदीय क्षेत्र भी है। वहां गौ माता के गोवंश को कुत्ते नोचकर खा रहे हैं, यह हाल योगी आदित्यनाथ सरकार ने गौ माता का कर दिया है, सरकार सिर्फ प्रचार और झूठ फैलाने में व्यस्त है, प्रदेश गौमाता की दुर्दशा हो रही है जिसकी जिम्मेदार बीजेपी सरकार है । हमारी सरकार में कभी ऐसा नही हुआ, इस तरह गौमाता के साथ हो रही घटना यह दिखाती हैं कि ज़मीनी स्तर पर व्यवस्था कितनी कमजोर हो चुकी है। अजय राय ने कहा कि बीजेपी ने प्रदेश की जनता के साथ विश्वासघात किया है। इसके विपरीत, कांग्रेस पार्टी ने हमेशा देश को बनाने, बचाने और आगे बढ़ाने का काम किया है, और जनता का विश्वास जीतने का प्रयास किया है। हम आज भी जनता के साथ खड़े हैं। अजय राय ने जानकारी देते हुए बताया कि देश के महान महापुरुष और समाज सुधारक रहे ज्योतिबा फुले जी की जयंती पर कांग्रेस पार्टी अधिवक्ता सम्मेलन आयोजित कर रही है , जिसमें हमारे वरिष्ठ नेता राज्यसभा सदस्य अभिषेक मनु सिंघवी, और सुप्रीम कोर्ट के जाने-माने वकील, पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद जी शामिल होंगे ।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन





राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** मिशन शक्ति अभियान अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा गाँधी भवन हरदोई मे मिशन शक्ति फेज 5.0 का आयोजन किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत हरदोई प्रेमावती पीके वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन के माध्यम से मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के शुभारम्भ उपरांत होनहार छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर तथा प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर, मुख्य अतिथि का स्वागत अभिनन्दन किया गया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व् मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व मे भाजपा सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु प्रारम्भ जनकल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध मे जन-जागरूकता बढ़ाने का आह्वान करते हुए अध्यक्ष प्रेमावती ने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक प्रगति का मापदंड उसकी महिलाओं की स्थिति से तय होता है। जब नारी सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर बनती है, तभी समाज सशक्त बनता है। मिशन शक्ति के पिछले चरणों ने महिलाओं के प्रति जागरूकता, सुरक्षा और अधिकारों को लेकर एक नई चेतना पैदा की है। अब फेज 5 मे हम एक और मजबूत कदम आगे बढ़ा रहे हैं-जहाँ न केवल सुरक्षा, बल्कि आत्मनिर्भरता, सम्मान और नेतृत्व पर विशेष बल दिया जा रहा है। यह अभियान हमें यह भी सिखाता है कि नारी सशक्तिकरण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। अपने सम्बोधन उपरांत अध्यक्ष प्रेमावती ने जनपद हरदोई मे उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला पुलिसकर्मी, अध्यापिकाओं एवं छात्राओं को सम्मानित कर, उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान कीं।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अनुनय झा, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा व् क्षेत्राधिकारी नगर अंकित मिश्रा सहित मातृशक्ति एवं होनहार छात्राएं उपस्थित रहीं।

# स्कूल चलो अभियान रैली में विधायक रानू ने दिया शिक्षा का संदेश

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**सवायजपुर (हरदोई)।** क्षेत्रीय विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने खण्ड शिक्षा अधिकारी भरखनी डॉ० सुनील कुमार सिंह के संयोजन में प्राथमिक विद्यालय सिलवारी में आयोजित स्कूल चलो अभियान एवं जन-जागरूकता रैली में शामिल होकर शिक्षा के महत्व का संदेश जन.जन तक पहुँचाया। रैली में बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक मौजूद रहे।

विधायक ने कहा कि बच्चों का उज्ज्वल भविष्य और सशक्त समाज का निर्माण तभी संभव है, जब हर बच्चा विद्यालय से जुड़कर शिक्षा प्राप्त करे। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और सभी मिलकर यह संकल्प लें कि 'न कोई बच्चा छूटेगा, हर बच्चा स्कूल जाएगा।' इस दौरान रैली के माध्यम से ग्रामीणों और अभिभावकों को बच्चों के नामांकन, नियमित उपस्थिति और शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। विधायक ने कहा कि यह अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाले कल को संवारने का संकल्प है। शिक्षा ही सबसे बड़ी ताकत है और यही सवायजपुर की नई पहचान बनेगी। रैली में बच्चों ने शिक्षा से जुड़े प्रेरणादायक नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। पूरे क्षेत्र में अभियान को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि रजनीश त्रिपाठी, विवेक सिंह, दीपांशु सिंह, भरखनी प्रधान संघ उपाध्यक्ष रामप्रकाश सिंह, शशि कुमार सिंह, आलोक चौहान सुरजीत कुशवाहा कृष्ण पाल सिंह सहित बड़ी संख्या में प्रधान व गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत विधायक ने किया घर-घर सम्पर्क



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**सवायजपुर (हरदोई)।** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो अभियान के तहत सवायजपुर विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने अपने विधानसभा क्षेत्र के मण्डल पाली के ग्राम खनिकलापुर के मजरा भाहपुर में पहुंचकर क्षेत्रीय जनों से संवाद कर घर घर सम्पर्क किया।

इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष राकेश रंजन त्रिवेदी, रोहित सिंह महामंत्री बृजकिशोर राजपूत, अनूप सिंह मोनू पूर्व मण्डल अध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्रा कन्हैयालाल शर्मा, रामू कुशवाहा, श्रीपाल कश्यप सहित अन्य प्रमुख सम्मानित जन उपस्थित रहें।

## चोरी की वारदातों का खुलासा, 4 शातिर चोर गिरफ्तार

**हरदोई (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली शहर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चार शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए आभूषण एवं नगदी बरामद की है। बताते चले कि 06 अप्रैल 2026 को थाना कोतवाली शहर पुलिस टीम ने अभियुक्त राममूर्तिए रोहित कुमार, अनुज कुमार निवासी चित्तरपुरवा थाना कोतवाली शहर हरदोई तथा सुमित दीक्षित निवासी बेहट गौर थाना रामकोट, जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान इनके पास से चोरी के आभूषण एवं रूपये 15,700 नकद बरामद किए गए पूछताछ में कई चोरी की घटनाओं का खुलासा गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई कई चोरी की घटनाओं का खुलासा हुआ। अभियुक्तों ने महोलिया शिवपार, चरौली पुलिया, लाला चम्पारण क्षेत्र, पोहकरपुरवा तथा मन्नापुरवा व कृष्ण नगरिया क्षेत्रों में अलग-अलग तिथियों पर घरों में घुसकर आभूषण व नकदी चोरी करना स्वीकार किया। इन घटनाओं के संबंध में थाना कोतवाली शहर एवं कोतवाली देहात में विभिन्न धाराओं में पहले से मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से सोने-चांदी के विभिन्न आभूषण जैसे अंगूठी, पेंडल, नथ, टाप्स, हार, चेन, झुमके, मांगटीका, हाथफूल, कमरबंद, पायल, बिछिया, बच्चों के कंगन व अन्य सामान के साथ नकदी बरामद की है। इस सफल कार्रवाई में उपनिरीक्षक रोहित कुमार पाण्डेय, उपनिरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक वासु कुमार, हेड कांस्टेबल हरिशंकर, कांस्टेबल चन्द्रेश व महेन्द्र मौर्य की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# अल्लीपुर के वृद्धाश्रम में मिशन शक्ति 5.0 का भव्य आयोजनः नारी सुरक्षा, सम्मान और साइबर जागरूकता पर हुआ गहन मंथन



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश शासन के महत्वाकांक्षी और दूरगामी अभियान मिशन शक्ति् के पांचवें चरण के अंतर्गत, हरदोई जिले के अल्लीपुर स्थित वृद्धाश्रम में एक वृहद, ज्ञानवर्धक और प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह विशेष कार्यक्रम नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के मूल मंत्र को समाज के हर तबके तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम ने समाज के उस संवेदनशील वर्ग को भी मुख्यधारा के विमर्श से जोड़ा, जो अक्सर नेपथ्य में रह जाता है- हमारे वयोवृद्ध नागरिक। यह गरिमामयी आयोजन विशेष रूप से उस वृद्धाश्रम में संपन्न हुआ, जिसका कुशल संचालन सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान द्वारा किया जा रहा है। ज्ञात हो कि समाज सेवाए शिक्षा और विशेषकर बेसहारा वृद्धजनों के कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट और अनुकरणीय योगदान के लिए इस संस्थान को भारत के माननीय राष्ट्रपति द्वारा 'वयोश्रेष्ठ सम्मान' (राष्ट्रीय पुरस्कार) से अलंकृत किया जा चुका है। अल्लीपुर स्थित यह वृद्धाश्रम उत्तर प्रदेश शासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा पूरी तरह से प्रायोजित है। नारी शक्ति और स्वावलंबन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरदोई की उप जिलाधिकारी अरुणिमा श्रीवास्तव ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि एक सशक्त, सभ्य और विकसित समाज की कल्पना तब तक नहीं की जा सकती, जब तक उस समाज की महिलाएं पूरी तरह से सुरक्षित, सम्मानित और आत्मनिर्भर न हों। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्पलाइन नंबरों (जैसे 1090-वीमेन पावर लाइन, 112-आपातकालीन सेवा, 181-महिला हेल्पलाइन, और 1076. मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) की कार्यप्रणाली को विस्तार से समझाया। साइबर अपराधों से बचाव की अनिवार्यता कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं हरदोई की क्षेत्राधिकारी प्रभा पटेल ने वर्तमान परिदृश्य की सबसे बड़ी चुनौतीकृडिजिटल और साइबर अपराध पर अपना अत्यंत महत्वपूर्ण और व्यावहारिक अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। वर्तमान युग में तेजी से बढ़ रहे तकनीकी अपराधों को ध्यान में रखते हुए सीओ श्रीमती प्रभा पटेल ने श्रोताओं को साइबर ठगों के नए.नए तरीकों से अवगत कराया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को आगाह किया कि आज के समय में अपराधी इंटरनेटए स्मार्टफोन और सोशल मीडिया के माध्यम से किस प्रकार आम जनताए विशेषकर महिलाओं और वृद्धजनों को अपना शिकार बना रहे हैं। उन्होंने बैंक फ्रॉडए एटीएम कार्ड क्लोनिंगए अनजान नंबरों से आने वाली फर्जी कॉलए लॉटरी या इनाम का लालच देने वाले मैसेज और ओटीपी शेयरिंग के गंभीर खतरों के प्रति लोगों को सतर्क किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया कि बैंक या पुलिस कभी भी फोन पर आपसे आपका पासवर्ड, पिन या ओटीपी नहीं मांगती। किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी व्यक्तिगत या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें। स्थानीय पुलिस का सहयोग कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कोतवाली देहात क्षेत्र की उप निरीक्षक डोली शर्मा भी उपस्थित रहीं। उन्होंने स्थानीय पुलिस प्रशासन की ओर से महिलाओं और वृद्धजनों को यह दृढ़ विश्वास दिलाया कि मिशन शक्ति के तहत पुलिस प्रशासन की कार्यशैली में व्यापक बदलाव आया है। देहात कोतवाली पुलिस उनकी सुरक्षा और न्याय के लिए 24 घंटे तत्पर है। मंच संचालन इस पूरे गरिमामयी और विस्तृत कार्यक्रम का अत्यंत कुशल और प्रभावी संचालन पारुल गुप्ता द्वारा किया गया। आभार ज्ञापन एवं समापन कार्यक्रम के अंतिम चरण में वृद्धाश्रम की प्रबंधक पूजा शर्मा ने सभी मंचासीन अतिथियों और उपस्थित जनसमूह का हृदय से आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम के सभी संवासी वृद्धजन, सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान के विभिन्न पदाधिकारी, कर्मचारीगण और स्थानीय संभ्रांत नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## नामित सभासदों को उप जिलाधिकारी ने दिलाई शपथ

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**साण्डी (हरदोई)।** नगर पालिका परिषद साण्डी में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित सभासदों के शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी ने सभी नामित सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई शासन द्वारा जारी सूची में श्याम जी शर्मा, सुशील गुप्ता, आशा राम वर्मा, सत्य किशोर राजपूत और सरला गुप्ता को सभासद नामित किया गया था।

नगर पालिका सभागार में आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष राम जी गुप्ता ने की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक प्रभाष कुमार मौजूद रहे। इसके अलावा ब्लॉक प्रमुख अनिल सिंह के प्रतिनिधि मनोज दीक्षित और मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र कुशवाहा भी कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक प्रभाष कुमार ने सभी नव-नामित सभासदों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे नगर के विकास कार्यों में सक्रिय सहयोग करें, जिससे क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके नामित सभासद पंडित श्याम जी शर्मा ने कहा कि सभी सभासद मिलकर कार्य करें और जहां भी कोई गलत कार्य दिखाई दे, उसका विरोध करें, ताकि नगर में पारदर्शिता बनी रहे वहीं सभासद सुशील गुप्ता ने सुझाव दिया कि नगर पालिका में प्रत्येक माह बैठक आयोजित की जाए, जिससे विकास कार्यों की समीक्षा और नई कार्य योजनाओं पर चर्चा हो सके इस दौरान नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र कुमार ने सभी सभासदों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उनसे नगर हित में सहयोग की अपेक्षा जताई समारोह के दौरान नगर के विकास को लेकर एकजुटता और सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया गया इस मौके पर पालिका के सभी सभासदगण पालिका स्टॉप व अन्य संभरान्त नागरिक मौजूद रहे।

## प्रेम प्रसंग में युवक की संदिग्ध मौत, आम के बाग में पेड़ से लटकता मिला शव

**पिहानी (हरदोई) (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** क्षेत्र के ग्राम पण्डरवा किला में मंगलवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक युवक का शव गांव के बाहर सड़क किनारे स्थित आम के बाग में पेड़ से लटका मिला। घटना की खबर फैलते ही मौके पर भारी भीड़ जुट गई और पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान अतुल पुत्र महेंद्र रैदास के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अतुल का गांव की ही एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था। सूत्रों के मुताबिक, युवती की शादी हो जाने की खबर मिलने के बाद वह 6 अप्रैल को दिल्ली से गांव लौटा था। परिजनों का कहना है कि अतुल गांव तो आया, लेकिन घर नहीं पहुंचा और न ही किसी ने उसे जीवित देखा। मंगलवार सुबह तड़के जब ग्रामीण शौच के लिए सड़क की ओर गए, तो उन्होंने आम के बाग में पेड़ से लटकता शव देखा। यह दृश्य देखते ही अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंचे और कोहराम मच गया। परिजनों ने इस मामले में वाल्मीकि समाज के कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि प्रेम प्रसंग को लेकर विवाद की स्थिति थीए ऐसे में अतुल की मौत संदिग्ध है और इसकी निष्पक्ष व गहन जांच होनी चाहिए। घटना की सूचना मिलते ही थाना पिहानी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। मृतक अतुल अविवाहित था। उसके पिता महेंद्र के पांच बेटे और एक बेटी हैं। चार भाइयों और बहन की शादी हो चुकी है। बड़ा भाई संजय बाहर काम करता हैए जबकि राकेशए पंकज और अमित मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। अतुल भी मजदूरी कर परिवार का सहारा था। इस दर्दनाक घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अब सभी की निगाहें पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच पर टिकी हैं, जिससे मौत की असली वजह सामने आ सके।



मृतक युवक की फाइल फोटो

## स्वास्थ्य शिविर व स्वास्थ्य जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**शाहाबाद (हरदोई)।** मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर छत्रपति वीर शिवाजी नवोदय विद्यालय लाला तेली बजरिया शाहजहांपुर के प्रांगण में पूर्वाह्न 11:00 बजे से भारतीय युवा चेतना मंच. शाहजहांपुर के द्वारा स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पधारे मुख्य अतिथि प्रसिद्ध सर्जन डॉ० विकास टंडन ने उपस्थित रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उनके संबंधित रोगों का निदान हेतु सलाह प्रदान की। इससे पूर्व विद्यालय के शिक्षक परिवार ने सभी अतिथियों का पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया एवं संस्था की तरफ से शाल उढ़ाकर एवम स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।



स्वास्थ्य संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ रहना जिस प्रकार लोगों के लिए आवश्यक है इसी तरह स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना और दूसरे लोगों को जागरूक रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी होती है स्वस्थ रहने के लिए दुआ के साथ दवा का भी सेवन करें और विज्ञान पर भी भरोसा करके अपने स्वास्थ्य को सही रखें। उपस्थित जनों का आह्वान करते हुए कहा पूजा पाठ के साथ विज्ञान को भी वरीयता देने का काम करें जिससे हमारे जीवन में रोगों का सही समय पर निदान हो सके युवा चेतना मंच के अध्यक्ष नरेंद्र त्यागी ने लोगों को स्वस्थ रहने के लिए जागरूक होने तथा स्वच्छता के प्रति भी जिम्मेदार बने रहने का आह्वान किया। संगोष्ठी में पधारे संतोष शर्मा जी ने अपने काव्य पाठ से सभी उपस्थित जनों का मन मोह लिया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला व आशीष वर्मा ने भी संगोष्ठी को संबोधित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीराम रक्ष पाल ने किया। कार्यक्रम के अंत में मंच के संयोजक प्रदीप कुमार मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया। आज के उक्त कार्यक्रम में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन से असित मिश्रा, मुरारी दीक्षित, समाजसेवी सदानंद अग्निहोत्री, गोपाल कृष्ण वर्मा, रूप कमल यादव, राम प्रकाश सक्सेना, आशीष वर्मा, हरीश सक्सेना, महावीर प्रसाद मिश्रा, श्याम मोहन मिश्रा सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## छात्राओं के लिए करियर काउंसलिंग सत्र हुआ आयोजित

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरदोई।** उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदोई में महिला स्वावलंबन को बढ़ावा देने हेतु ऑकमेन इंस्टिट्यूट आफ मैनेजमेंट, नोएडा के संयुक्त तत्वाधान में छात्राओं के लिए करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 निखिलेश शरण द्वारा किया गया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर बनना ही सशक्तिकरण का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है और इसके लिए सही समय पर उचित करियर का चयन अत्यंत आवश्यक है। इंस्टिट्यूट की डायरेक्टर डॉ0 कृति गुलाटी ने अपने संबोधन में सफल करियर निर्माण के सात महत्वपूर्ण सूत्रों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वयं को पहचानना, आत्मविश्वास बनाए रखना, सही रणनीति बनाना तथा आवश्यक कौशलों का विकास करना सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर ऑकमेन इंस्टिट्यूट के डॉ0 शिवम प्रताप ने छात्राओं के करियर संबंधी प्रश्नों का समाधान करते हुए संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं कार्यक्रमों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में डॉ0 अजीत आनंदमणि, डॉ0 गुरविंदर कौर, डॉ0 शैलजा शर्मा, डॉ0 दिलप्रीत कौर, डॉ0 नमिता त्रिपाठी सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

## डॉक्टर पर महिला ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**साण्डी (हरदोई) (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ छेड़छाड़ का गंभीर मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक, क्षेत्र के तिराहा स्थित शुक्ला दवाखाना पर कमर दर्द की दवा लेने गई महिला के साथ डॉक्टर द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया पीड़िता के अनुसार, दवाखाने पर मौजूद अनिरुद्ध शुक्ल (38) पुत्र अरुण शुक्ल ने इंजेक्शन लगाने के बहाने उसे अंदर कमरे में बुलाया, जहां उसने गलत नीयत से छेड़छाड़ की। महिला के विरोध के बावजूद आरोपी नहीं माना, जिसके बाद पीड़िता किसी तरह वहां से निकलकर घर पहुंची और परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी परिजनों के साथ महिला ने थाने पहुंचकर लिखित तहरीर दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की और रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है एस एच ओ बसंत राम ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## 10 लाख रुपए की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को पीट कर घर से निकाला

**शाहाबाद (हरदोई) (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** दहेज में दस लाख रुपए नगदी की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता को पीट कर घर से निकाल दिया गया। पीड़ित पिता की तहरीर पर पति सहित सात ससुराली जनों पर केस दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। मंझिला थाना क्षेत्र के ग्राम जमुरा निवासी कलीम पुत्र मुस्तकीम के अनुसार उन्होंने अपनी बेटी सायदा का विवाह दो साल पहले शाहजहांपुर जनपद के रोजा थाना अंतर्गत कुवांवोस निवासी जुबेर उर्फसत्तार पुत्र मोहम्मद नबी के साथ किया था और अपनी हैसियत के मुताबिक एक बुलेट मोटरसाइकिल, तीन लाख रूपये नगद और 10 तोला सोना दिया था। लेकिन विवाह के कुछ दिन बाद उसे 10 लाख रुपए की नकदी की मांग को लेकर पति, ससुर मोहम्मद नबी, सास फजीला, जावैद, दानिश, फौजी, सेखावतुल्ला परेशान करने लगे और मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़ित पिता के अनुसार उसकी पुत्री इस वक्त उसके साथ रह रही है। पिता की तहरीर पर मंझिला पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र ने बताया आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## नदी से शव खोजने वाले युवकों को सम्मानित किया गया



सम्मानित किए गए युवक अपर पुलिस अधीक्षक के साथ

**शाहाबाद (हरदोई) (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** थाना क्षेत्र में नदी में डूबे युवक के शव को खोजने वाले युवकों को पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया। 4 मार्च को ग्राम उधरनपुर निवासी एक युवक नहाने के लिए गर्रा नदी स्थित बेहटा कोला घाट गया थाए जहां गहरे पानी में डूब गया। घटना के बाद उसकी तलाश लगातार जारी रही। अगले दिन 05 मार्च को जनपद शाहजहांपुर के थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के ग्राम भरिगवां निवासी युवकों दिनेश पुत्र बाबूराम, रजत कश्यप पुत्र राजपाल, परशुराम पुत्र बाबूराम, अनुज कश्यप पुत्र सीताराम, भन्नु पुत्र मुन्नालाल और अंकज पुत्र रामजीत ने साहस और तत्परता दिखाते हुए नदी में उतरकर कड़ी मशक्कत के बाद शव को खोज निकाला। इन युवकों के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक आलोक राज नारायण द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने सभी युवकों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके साहस और सामाजिक जिम्मेदारी की सराहना की तथा धन्यवाद ज्ञापित किया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि ऐसे कार्य समाज में प्रेरणा देते हैं और जरूरत के समय मानवता की मिसाल पेश करते हैं।

## साथियों के साथ मिलकर बहनोई की धुनाई, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद (हरदोई) (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अब्दुल्लापुर अपनी ससुराल आये युवक को उसके सालों ने किसी बात पर साथी के साथ मिलकर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच पड़ताल कर रही है। जनपद शाहजहांपुर के कांट थाना के ग्राम सरसौली निवासी पीड़ित रामलखन पुत्र रामवीर के अनुसार वह बाइक से अपनी पत्नी मोनी को विदा कराने ससुराल आया था। किसी बात को लेकर उसके साले विजय पुत्र रामकुमार ने अपने भाई दुर्गेश और पचदेवरा थाना के ग्राम हरदासपुर निवासी क्षत्रपाल पुत्र जयसुख के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया और उसकी बाइक भी तोड़ दी। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

## तमंचा सहित युवक गिरफ्तार

**शाहाबाद (हरदोई) (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** कोतवाली पुलिस ने सोमवार की रात चेकिंग के दौरान एक युवक को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली के उधरनपुर पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी हरदीप कुमार ने बताया वह पुलिस बल के साथ सोमवार की देर रात करीब 1 बजे उधरनपुर वैरियर के निकट संदिग्ध लोगों की तलाश में वाहन चेकिंग कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर हिरौली मोड़ के पास से कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरदार नगर निवासी बागेश सिंह पुत्र राजपाल को 315 बोर के तमंचे और दो जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार युवक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर उसको जेल भेज दिया है।

## विवाहिता प्रेमी संग फरार आरोपी पर रिपोर्ट

**शाहाबाद (हरदोई) (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता के प्रेमी साथ फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित पति की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित पति के अनुसार 5 अप्रैल की रात उसकी पत्नी को कोतवाली शाहाबाद के ग्राम मुरीदापुर निवासी राजवीर पुत्र गंगाधर बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। उसकी पत्नी घर में रखा ज़ेवर और पंद्रह हजार रूपए की नगदी अपने साथ ले गई। उसने काफ़ी तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने पीड़ित पति की तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू कर दी है।

## एक राष्ट्र का संकल्प

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केवल एक राजनीतिक दल नहीं, यह उस विचार की जीवंत अभिव्यक्ति है जो सदियों से इस देश की आत्मा में बसा है-राष्ट्र सर्वोपरि है, अंत्योदय हमारा धर्म है और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद हमारी पहचान है। जब 6 अप्रैल, 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई, तो यह केवल एक नए राजनीतिक संगठन का जन्म नहीं था, यह उन करोड़ों भारतीयों की आकांक्षाओं का संगठन था, जो चाहते थे कि इस देश की राजनीति में ईमानदारी हो, विचार हो और राष्ट्र के प्रति समर्पण हो। आज जब हम अपना स्थापना दिवस मना रहे हैं, तो यह अवसर केवल उत्सव का नहीं, बल्कि उस यात्रा के स्मरण और उस संकल्प के नवीनीकरण का है, जिसने भाजपा को विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनाया। भाजपा की वैचारिक जड़ें उस मिट्टी में हैं, जिसे पं. दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानव दर्शन के रूप में सींचा। दीनदयाल जी ने यह स्पष्ट किया था कि भारत की राजनीति का केंद्र बिंदू वह अंतिम व्यक्ति होना चाहिए, जो समाज की सबसे निचली पायदान पर खड़ा है। अंत्योदय की यह परिकल्पना भाजपा के लिए कोई चुनावी नारा नहीं, बल्कि एक जीवन-दर्शन है। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना से लेकर कश्मीर के लिए अपने प्राणों की आहुति देने तक, यह सिद्ध किया कि राष्ट्रीयता का अर्थ केवल वोट की राजनीति नहीं, बल्कि मातृभूमि के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने की तत्परता है। अटल बिहारी वाजपेयी जी ने इस विचार को जन-जन तक पहुंचाया। उनकी वाणी में कविता थी, उनके कार्य में दृष्टि थी और उनके नेतृत्व में भारत को एक परमाणु शक्ति के रूप में विश्वपटल पर स्थापित करने का साहस था। लाल कृष्ण अडवानी जी ने रथयात्रा निकाली तो सिर्फ मंदिर आंदोलन नहीं जगाया, उन्होंने उस समाज को जगाया, जो दशकों से अपनी ही भूमि पर उपेक्षित था। 1984 में देश में सहानुभूति की लहर में भाजपा को केवल 2 सीटें मिलीं, तो कई लोगों ने इस दल को इतिहास की धूल में दफन समझ लिया था। लेकिन उस पराजय ने भाजपा के कार्यकर्त्ताओं को तोड़ा नहीं, बल्कि और मजबूत किया। बूथ से लेकर राष्ट्र तक संगठन की नींव रखी गई, कार्यकर्त्ताओं ने मेहनत की पराकाष्ठा की और फिर वह दिन आया, 2014, जब नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा ने 282 सीटें जीतीं, 3 दशक बाद देश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई और भारत की राजनीति का कायाकल्प हो गया।

**6 अप्रैल, 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई, तो यह केवल एक नए राजनीतिक संगठन का जन्म नहीं था, यह उन करोड़ों भारतीयों की आकांक्षाओं का संगठन था, जो चाहते थे कि इस देश की राजनीति में ईमानदारी हो, विचार हो और राष्ट्र के प्रति समर्पण हो। आज जब हम अपना स्थापना दिवस मना रहे हैं, तो यह अवसर केवल उत्सव का नहीं, बल्कि उस यात्रा के स्मरण और उस संकल्प के नवीनीकरण का है, जिसने भाजपा को विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनाया।**

2019 में 303 सीटों के साथ यह सिद्ध हो गया कि यह लहर नहीं, जनता का स्थायी विश्वास है। 2024 में एन.डी.ए. के साथ तीसरी बार सत्ता में आना यह प्रमाण है कि भारत की जनता ने भाजपा को अपनी नियति के साथ जोड़ लिया है। आज भाजपा 15 करोड़ से अधिक सदस्यों के साथ विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। मोदी जी ने एक नई शासन संस्कृति की नींव रखी, न तुष्टीकरण, न परिवारवाद, न भ्रष्टाचार। उनका मंत्र था-सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास। पिछले 12 वर्षों में जो काम हुआ है, वह भारत के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। 500 वर्षों की प्रतीक्षा का अंत हुआ। 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई और करोड़ों हिंदुओं की आंखें छलक उठीं। एक और काम जो दशकों से लंबित था, माननीय अमित शाह जी की दृढ़ इच्छाशक्ति और माननीय मोदी जी के नेतृत्व में 5 अगस्त, 2019 को संसद में एक ऐतिहासिक निर्णय हुआ। जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग संवैधानिक रूप से भी बना। अलगाववाद की जड़ें काट दी गईं। वह कानून जो पुरुष की तीन बोलियों पर एक मुस्लिम महिला का जीवन बर्बाद कर देता था, मोदी सरकार ने उस ट्रिपल तलाक को समाप्त किया। यही असली महिला सशक्तिकरण है। आयुष्मान भारत ने 50 करोड़ गरीबों को 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा दिया। उज्ज्वला योजना से 10 करोड़ माताओं के चूल्हे गैस से जले। जल जीवन मिशन ने भारत के 15 करोड़ घरों में नल से जल पहुंचाया। पी.एम. आवास योजना से करोड़ों परिवारों को पक्की छत मिली। पी.एम. किसान सम्मान निधि से किसानों के खाते में सीधे पैसे पहुंचे। 80 करोड़ भारतीयों को भोजन, यह है अंत्योदय का व्यावहारिक स्वरूप। डिजिटल अर्थव्यवस्था में यू.पी.आई. एक वैश्विक मॉडल बन चुका है। रक्षा निर्यात में भारत नई ऊंचाइयां छू रहा है।

# आधी आबादी की सदन में बढ़ेगी भागीदारी

प्रेम शर्मा

**साल 1996 में एचडी देवेगौड़ा की सरकार में पहली बार महिला आरक्षण बिल लाया गया था और तब से तीन दशकों में चार असफल प्रयास हो चुके हैं। अब सरकार ने बिल पास करने के लिए 16 से 18 अप्रैल को संसद का विशेष सत्र बुलाया है। सम्भव है कि इस बार मोदी सरकार कुछ ऐतिहासिक कर पाए। मोदी सरकार लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं की 33 प्रतिशत हिस्सेदारी की संवैधानिक व्यवस्था को शीघ्र लागू करना चाहती है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 आगामी जनगणना के पश्चात होने वाले परिसीमन के बाद ही लागू होना है। वर्ष 2027 में जनगणना और 2028 में परिसीमन होगा। इसमें दो वर्ष का समय लगेगा।**

सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम (106वां संवैधानिक संशोधन अधिनियम) में तत्काल प्रभाव से संशोधन लाने की संभावना है, जिसके तहत लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत (एक तिहाई) आरक्षण अनिवार्य है। यह कोटा अब नए परिसीमन (निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं का पुनर्निर्धारण) के पूरा होने से पहले ही लागू हो जाएगा। वर्तमान अधिनियम के अनुसार, इसे 2029 में लागू किया जाना था, इसलिए यह बदलाव किया जा रहा है। भारत ने अपनी आजादी के साथ ही महिलाओं को पुरुषों के बराबर मतदान का अधिकार देकर एक स्वच्छ राजनीति परम्परा की शुरूआत की थी। लेकिन राजनीति में उनकी बराबर भागीदारी आज भी दयनीय है। साल 1996 में एचडी देवेगौड़ा की सरकार में पहली बार महिला आरक्षण बिल लाया गया था और तब से तीन दशकों में चार असफल प्रयास हो चुके हैं। अब सरकार ने बिल पास करने के लिए 16 से 18 अप्रैल को संसद का विशेष सत्र बुलाया है। सम्भव है कि इस बार मोदी सरकार कुछ ऐतिहासिक कर पाए। मोदी सरकार लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं की 33 प्रतिशत हिस्सेदारी की संवैधानिक व्यवस्था को शीघ्र लागू करना चाहती है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 आगामी जनगणना के पश्चात होने वाले परिसीमन के बाद ही लागू होना है। वर्ष 2027 में जनगणना और 2028 में परिसीमन होगा। इसमें दो वर्ष का समय लगेगा। इस स्थिति में 2030 से ही महिला आरक्षण लागू हो सकेगा और लोकसभा चुनाव में तो 2034 से लागू हो पाएगा। इस हिसाब से महिलाओं को 33 प्रतिशत राजनीतिक हिस्सेदारी देने में 8 से 11 वर्ष का समय लग सकता है लेकिन मोदी सरकार परिसीमन की अनिवार्यता से महिला आरक्षण को मुक्त कर उसे जल्द लागू करना चाहती है। वैसे भी वर्ष 2011 की जनगणना के मुताबिक भारत की जनसंख्या में महिलाओं की आबादी 48.5 प्रतिशत थी। अनुमान है कि पिछले करीब डेढ़ दशक में इसमें कुछ सुधार ही हुआ होगा, लेकिन जो नहीं बदला, वह है देश की संसद और राज्य की विधानसभाओं में महिलाओं की हिस्सेदारी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण) इसी स्थिति को बदलने वाला कानून है और इसके पास व लागू होने में देरी नहीं होनी चाहिए।आधी आबादी को विधानसभा एवं लोकसभा में प्रतिनिधित्व देने की यह पहल स्वागतयोग्य है। लागू परिसीमन के अनुसार सभी राज्यों में अभी 4,123 विधायक हैं, जिनमें 392 महिलाएं हैं। 33 प्रतिशत आरक्षण से उनकी संख्या बढ़कर 1,300 से अधिक हो जाएगी। वर्तमान लोकसभा में 75 महिलाएं हैं। आरक्षण के प्रविधान के बाद 2029 के लोकसभा चुनाव में 181 महिलाएं चुनी जाएंगी। यह महिलाओं के राजनीतिक सशक्तीकरण का ऐतिहासिक अवसर होगा। जब सदन में ज्यादा महिलाएं होंगी, तो आधी आबादी से जुड़े मुद्दों को ज्यादा आवाज मिलेगी। उनकी समस्याओं पर ज्यादा सटीक और संवेदनशील चर्चा हो सकेगी, जिससे नीतियां बनाने में मदद मिलेगी। महिलाओं की अनगिनत उपलब्धियों के बावजूद राजनीति उन कुछ क्षेत्रों में है, जहां उन्हें बराबर मौके नहीं मिल पाते। महिला आरक्षण बिल इस कमी को दूर करेगा। इस बदलाव का असर पूरे समाज पर पड़ेगा। महिला आरक्षण का सवाल सिर्फ सीटों का बंटवारा नहीं, भारत के लोकतंत्र को और संतुलित व न्यायपूर्ण बनाने का मुद्दा है। मौजूदा लोकसभा में महज 14 प्रतिशत महिला सांसद और विधानसभाओं में केवल 10 प्रतिशत महिला विधायक होना आधाी आबादी के हिसाब से नैसार्गिक न्याय के विपरीत है। गत दिवस पीएम नरेंद्र मोदी ने केरल में एक चुनावी रैली में महिलाओं से विपक्षी दलों पर दबाव बनाने की अपील करते हुए कहा कि संसद में महिला आरक्षण बिल बिना किसी विरोध के पास होना चाहिए। वैसे तो आदर्श स्थिति तो यह होगी कि बिल को हर दल का साथ मिले, दबाव बनाने और विरोध की नौबत ही न आए। देर से ही सही, कम से कम अब इस काम को अंजाम तक पहुंच जाना चाहिए।नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं की राजनीति में कम हिस्सेदारी को सुधारने का प्रयास है। आबादी में लगभग आधी हिस्सेदारी के बावजूद संसद और विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बेहद कम है। लंबे इंतजार के बाद यह कानून लोकतंत्र को संतुलित बनाएगा, नीतियों में महिलाओं की आवाज बढ़ाएगा और राजनीति में समान अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। वैसे भी 'आधी आबादी' की पूरी आजादी और नारी सशक्तीकरण की बात तब तक पूरी नहीं होगी जब तक संसद और राज्य विधायिका में महिलाओं के लिए कम-से-कम एक-तिहाई राजनीतिक प्रतिनिधित्व आरक्षित व सुनिश्चित न हो जाए।यह भी सुनिश्चित करना होगा कि महिलाओं की हिस्सेदारी केवल उपस्थिति तक सीमित न रहे। गौरतलब है कि वर्ष 2014 के आम चुनावों में महज 66 महिलाएं चुनाव जीतकर संसद पहुंची थीं। ऐसे में यह बड़ा सवाल है कि आजादी की आधी सदी से ज्यादा का समय बीत जाने के बावजूद महिलाएं इतनी कम संख्या में संसद पहुंचीं। विचारणीय है कि वर्ष 1951 में 22 महिला सांसदों के साथ संसद में आधी आबादी की भागीदारी 4.5 फीसद थी। हालांकि साल-दर-साल इस संख्या में बढ़ोतरी हुई है, पर यह गति बेहद धीमी है। वर्ष 2009 में 10.87 प्रतिशत भागीदारी के साथ महिला सांसदों की संख्या 59 और 2014 में 66 महिला सांसदों की संख्या के बूते 12.15 फीसद रही है।दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने की यह धीमी गति यकीनन विचारणीय है। हमारे देश में महिलाएं राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, लोकसभा में विपक्ष की नेता और लोकसभा अध्यक्ष के अलावा कई महत्वपूर्ण राजनीतिक पदों पर आसीन रही हैं, लेकिन राजनीति में महिलाओं की भागीदारी में अधिक सुधार नहीं हुआ। दरअसल महिलाओं की ऐसी भागीदारी का बढ़ना सामाजिक बदलाव का द्योतक भी है और समाज में बदलाव लाने का जरिया भी। वर्ष 1917 में ही राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को लेकर मांग उठी थी जिसके बाद वर्ष 1930 में पहली बार महिलाओं को मताधिकार मिला। देखा जाय तो महिला मतदाताओं की बढ़ती जागरूकता का ही नतीजा है कि उनका सियासी प्रतिनिधित्व बढ़ाने को लेकर सोचा जा रहा है। यह एक कटु सच है कि भारतीय राजनीति में महिलाओं की हिस्सेदारी को लेकर बदलाव आ तो रहा है, पर अब भी हार-जीत का गणित ऐसे फैसलों पर हावी है। हां, एक सकारात्मक पक्ष यह है कि अब जनता और सरकार की भी यही राय बदल रही है। आधी आबादी को सत्ता के गलियारों में वो उचित और निर्णयात्मक भूमिका मिले जिसकी वे हकदार हैं।

# पश्चिम बंगाल की नई वोटर लिस्ट से 91 लाख बाहर

अजय कुमार

**आंकड़ों पर नजर डालें तो तस्वीर साफ होती है। 60 लाख संदिग्ध मतदाता थे। जांच में 27 लाख कटे। बाकी 91 लाख में मृतक नाम प्रमुख हैं। आयोग ने कहा कि कई नाम ऐसे थे जो दशकों पुराने हैं। मालिक मर चुके, फिर भी लिस्ट में दर्ज। कुछ नाम डुप्लिकेट थे। एक ही व्यक्ति का कई जगह नाम। कुछ अवैध प्रवासियों के। जिले दर जिले सूची जारी हुई। कोलकाता में सबसे ज्यादा कटौती। उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना जैसे सीमावर्ती जिलों में संख्या डरावनी। वहां घुसपैठ का खतरा हमेशा रहता है। आयोग ने दावा किया कि यह प्रक्रिया निष्पक्ष रही, राजनीतिक दबाव से मुक्त। हर नाम हटाने से पहले सत्यापन हुआ। जनप्रतिनिधियों को सूचना दी गई। फिर भी विपक्ष चिल्ला रहा है।**

सुप्रीम कोर्ट के सख्त आदेश के बाद चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल की फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दी है। छह अप्रैल को शीर्ष अदालत ने 24 घंटे में आयोग को फाइनल वोटर लिस्ट जारी करने का आदेश दिया था। पश्चिम बंगाल में विशेष गहन संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद अब यह बड़ा कदम उठा। 91 लाख वोटर्स के नाम हटा दिए गए। यह संख्या किसी भूकंप से कम नहीं। हर जिले की अलग सूची जारी की गई ताकि पारदर्शिता बनी रहे। आयोग ने स्पष्ट किया कि 60 लाख से अधिक मतदाता जांच के दायरे में थे। इनमें से 27 लाख से ज्यादा के नाम कट गए। ये पहले से संदिग्ध सूची में थे। मृतकों के नाम भी बड़ी संख्या में शामिल हैं। यह कदम लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने वाला है या राजनीतिक खेल का हिस्सा? गौरतलब हो, पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट लंबे समय से विवादों में थी। विधानसभा चुनावों के दौरान अवैध घुसपैठ के आरोप लगे। बांग्लादेश से आए कथित घुसपैठियों के नामों का मुद्दा गरमाता रहा। भाजपा ने बार-बार चेतावनी दी कि वोटर लिस्ट में फर्जी नाम भरे पड़े हैं। तृणमूल कांग्रेस ने इसे साजिश बताया। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई की। अदालत ने कहा कि स्वच्छ वोटर लिस्ट बिना लोकतंत्र अधूरा है। आयोग को निर्देश दिया कि तत्काल कार्रवाई हो। 24 घंटे में लिस्ट जारी करो, वरना अवमानना का सामना करो। यह आदेश आयोग के लिए चुनौती था। पश्चिम बंगाल जैसे बड़े राज्य में लाखों नामों की जांच करना आसान नहीं। फिर भी आयोग ने कमर कस ली। विशेष पुनरीक्षण अभियान चलाया। क्षेत्रीय अधिकारियों को सक्रिय किया। परिणाम सामने आया 91 लाख नाम कट गए। आंकड़ों पर नजर डालें तो तस्वीर साफ होती है। 60 लाख संदिग्ध मतदाता थे। जांच में 27 लाख कटे। बाकी 91 लाख में मृतक नाम प्रमुख हैं। आयोग ने कहा कि कई नाम ऐसे थे जो दशकों पुराने हैं। मालिक मर चुके, फिर भी लिस्ट में दर्ज। कुछ नाम डुप्लिकेट थे। एक ही व्यक्ति का कई जगह नाम। कुछ अवैध प्रवासियों के। जिले दर जिले सूची जारी हुई। कोलकाता में सबसे ज्यादा कटौती। उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना जैसे सीमावर्ती जिलों में संख्या डरावनी। वहां घुसपैठ का खतरा हमेशा रहता है। आयोग ने दावा किया कि यह प्रक्रिया निष्पक्ष रही, राजनीतिक दबाव से मुक्त। हर नाम हटाने से पहले सत्यापन हुआ। जनप्रतिनिधियों को सूचना दी गई। फिर भी विपक्ष चिल्ला रहा है। तृणमूल का कहना है कि यह भाजपा की साजिश है। वोट बैंक कम करने का प्रयास। लेकिन आयोग के पास प्रमाण हैं। मृत्यु प्रमाण पत्र आधारित हटाए गए नाम। आधार कार्ड से जुटाई गई जानकारी। यह सफाई लोकतंत्र के लिए जरूरी थी। इस कदम के राजनीतिक निहितार्थ गहरे हैं। पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को विधानसभा चुनाव के लिये मतदान होना है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल का वर्चस्व है। ममता बनर्जी की सरकार पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप। भाजपा इसे बड़ा मुद्दा बनाएगी। 91 लाख नाम कटने से तृणमूल का वोट बैंक प्रभावित होगा, खासकर मुस्लिम बहुल इलाकों में। आयोग का यह फैसला भाजपा के पक्ष में जाता दिखता है। सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप स्वागतयोग्य है। लेकिन सवाल उठता है कि इतना बड़ा सफाया पहले क्यों नहीं हुआ। चुनाव आयोग पर पहले आलोचना हुई कि वह निष्क्रिय है। अब सक्रियता की तारीफ हो रही। फिर भी चुनौतियां बाकी हैं। हटाए गए नामों वाले लोग क्या करेंगे। अपील का रास्ता खुला है। आयोग ने कहा कि वैध साबित करने पर नाम वापस आ सकते हैं। लेकिन समय कम है। चुनावी माहौल में यह विवाद और भड़केगा। राजनीतिक दल सड़कों पर उतरेंगे। शांति भंग होने का खतरा। सामाजिक प्रभाव भी कम नहीं। पश्चिम बंगाल में गरीबी और बेरोजगारी ज्यादा। कई परिवार वोटर कार्ड पर निर्भर। नाम कटने से राशन कार्ड प्रभावित हो सकता। सरकारी योजनाओं का लाभ रुक सकता। मृतकों के नाम हटना तो सही, लेकिन जीवितों का क्या। कुछ निर्दोष कट सकते हैं। जांच में चूक हो सकती। ग्रामीण इलाकों में जागरूकता कम। लोग नाम कटने की सूचना भी न पाएं। आयोग को अब प्रचार अभियान चलाना चाहिए। हर गली मोहल्ले में सूचना पहुंचानी चाहिए। डिजिटल माध्यमों का सहारा लें। वोटर हेल्पलाइन सक्रिय रखें। यह प्रक्रिया पूरे देश के लिए मिसाल बने। अन्य राज्यों में भी ऐसा हो। उत्तर प्रदेश, बिहार जैसे राज्यों में फर्जी वोटरों की भरमार है। वहां भी सफाई जरूरी। सुप्रीम कोर्ट का निर्देश राष्ट्रीय स्तर पर लागू हो। बहरहाल, चुनाव आयोग की यह कार्रवाई सराहनीय है। 91 लाख नाम हटाकर उसने विश्वास जीता। लेकिन पारदर्शिता बनाए रखनी होगी। हर कटे नाम का कारण सार्वजनिक करें। राजनीतिकरण न होने दें। सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में आगे बढ़ें। पश्चिम बंगाल की जनता को लाभ मिलेगा। स्वच्छ वोटर लिस्ट से सच्चा जनादेश आएगा। लोकतंत्र मजबूत होगा। ममता बनर्जी सरकार को जवाब देना होगा। घुसपैठ पर स्पष्टीकरण दें। भाजपा को सतर्क रहना होगा कि यह राजनीतिक हथियार न बने। कुल मिलाकर यह सकारात्मक कदम है। वोट की अहमियत बढ़ेगी। फर्जी वोटरों का राज खत्म होगा। आने वाले चुनाव रोचक होंगे। सच्चाई की जीत होगी। आयोग का यह कदम भारतीय लोकतंत्र के लिए मील का पत्थर है। आयोग ने साबित किया कि वह निष्पक्ष है। सुप्रीम कोर्ट ने संवैधानिक कर्तव्य निभाया। अब बारी जनता की। जागरूक बनें। अपना नाम चेक करें। वैध वोट दें। पश्चिम बंगाल से सबक लें। स्वच्छ मतदाता सूची ही सच्चे लोकतंत्र की गारंटी।

# कोरियन ड्रामा से भारतीय सीरियल तक : मनोरंजन की दिशा पर पुनर्विचार

ललित गर्ग

**कोरियन ड्रामा की लोकप्रियता का एक कारण यह भी है कि वे दर्शकों को भावनात्मक रूप से स्वस्थ बनाते हैं। उन्हें देखकर व्यक्ति केवल मनोरंजन नहीं करता, बल्कि भावनात्मक रूप से जुड़ता है, जीवन को समझता है, रिश्तों की अहमियत को समझता है, धैर्य और संघर्ष की प्रेरणा पाता है। कई कोरियन ड्रामा मानसिक स्वास्थ्य, अवसाद, ऑटिज्म, अस्पताल जीवन, वकीलों के संघर्ष, शिक्षकों के जीवन, छोटे उद्यमियों के संघर्ष जैसे विषयों पर बने हैं। वे दर्शकों को संवेदनशील बनाते हैं, आक्रामक नहीं। भारत में भी कुछ अच्छे धारावाहिक बने हैं, जैसे हम लोग, बुनियाद, संजीवनी, बालिका वधू, उड़ान, तारक मेहता का उल्टा चश्मा आदि, जिन्होंने समाज को कुछ सकारात्मक संदेश दिए। लेकिन ऐसे धारावाहिकों की संख्या बहुत कम है। आज जरूरत ऐसे धारावाहिकों और फिल्मों की है जो समाज को मानसिक रूप से स्वस्थ बनाएं, जीवन जीने की कला सिखाएं, तनाव से मुक्ति का मार्ग दिखाएं, परिवार को जोड़ने का संदेश दें और सकारात्मक सोच का निर्माण करें।**

विश्व के मनोरंजन जगत में पिछले कुछ वर्षों में यदि किसी देश ने टेलीविजन और वेब सीरीज के माध्यम से पूरी दुनिया को सबसे अधिक प्रभावित किया है तो वह दक्षिण कोरिया है। कोरियन ड्रामा आज केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक प्रभाव, सामाजिक शिक्षा, भावनात्मक परिपक्वता और जीवन मूल्यों के प्रस्तुतीकरण का सशक्त माध्यम बन चुके हैं। भारत सहित दुनिया के करोड़ों लोग कोरियन ड्रामा देख रहे हैं और उनसे प्रभावित हो रहे हैं। यह केवल तकनीक या अभिनय का प्रभाव नहीं है, बल्कि उनकी कहानियों की संवेदनशीलता, जीवन की वास्तविकता और मानवीय रिश्तों की गहराई का प्रभाव है। कोरियन ड्रामा का सबसे बड़ा गुण यह है कि वे जीवन की वास्तविक समस्याओं को बहुत संवेदनशील और मानवीय तरीके से प्रस्तुत करते हैं। उनमें परिवार है, प्रेम है, संघर्ष है, बीमारी है, मानसिक तनाव है, करियर की समस्याएं हैं, सामाजिक दबाव है, लेकिन इन सबके साथ समाधान भी है, आशा भी है, सकारात्मकता भी है। वे केवल समस्या नहीं दिखाते, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं। उनके पात्र अतिनाटकीय या अवास्तविक नहीं होते, बल्कि आम आदमी जैसे होते हैं, जिनकी समस्याएं भी वास्तविक होती हैं और संघर्ष भी वास्तविक होता है। कोरियन ड्रामा की एक विशेषता यह भी है कि वे सीमित एपिसोड में एक पूर्ण कहानी प्रस्तुत करते हैं। उनमें अनावश्यक विस्तार, अंतहीन षड्यंत्र और कृत्रिम मोड़ नहीं होते। कहानी का एक उद्देश्य होता है और वह उद्देश्य पूरा होते ही कहानी समाप्त हो जाती है। इस कारण उनमें कसाव, गुणवत्ता और प्रभाव बना रहता है। वे दर्शकों के समय और संवेदना दोनों का सम्मान करते हैं। यदि हम भारतीय टीवी सीरियल्स की ओर देखें, तो स्थिति इसके विपरीत दिखाई देती है। अधिकांश धारावाहिक सास-बहू के अंतहीन संघर्ष, पारिवारिक षड्यंत्र, पुनर्जन्म, चमत्कार, बदला, ईर्ष्या और दिखावे के जीवन के इर्द-गिर्द घूमते रहते हैं। एक ही कहानी वर्षों तक चलती रहती है और उसमें वास्तविक जीवन से कोई संबंध नहीं रह जाता। परिवार, जो प्रेम, सहयोग और संवाद का केंद्र होना चाहिए, उसे षड्यंत्र और राजनीति का केंद्र बना दिया जाता है। इससे समाज में नकारात्मक मानसिकता का निर्माण होता है। भारतीय फिल्मों की स्थिति भी बहुत अलग नहीं है। अधिकांश फिल्में मारधाड़, हीरोगिरी, बदला, अपराध या अवास्तविक प्रेम कहानियों पर आधारित होती हैं। उनमें वास्तविक जीवन की समस्याओं और उनके समाधान पर बहुत कम काम होता है। जबकि आज समाज जिन समस्याओं से जूझ रहा है, वे अलग हैं-मानसिक तनाव, अवसाद, अकेलापन, पारिवारिक विघटन, पीढ़ियों के बीच संवाद की कमी, बेरोजगारी, करियर का दबाव, स्वास्थ्य समस्याएं, नशा, पर्यावरण संकट आदि। इन विषयों पर आधारित मनोरंजन बहुत कम देखने को मिलता है। कोरियन ड्रामा की लोकप्रियता का एक कारण यह भी है कि वे दर्शकों को भावनात्मक रूप से स्वस्थ बनाते हैं। उन्हें देखकर व्यक्ति केवल मनोरंजन नहीं करता, बल्कि भावनात्मक रूप से जुड़ता है, जीवन को समझता है, रिश्तों की अहमियत को समझता है, धैर्य और संघर्ष की प्रेरणा पाता है। कई कोरियन ड्रामा मानसिक स्वास्थ्य, अवसाद, ऑटिज्म, अस्पताल जीवन, वकीलों के संघर्ष, शिक्षकों के जीवन, छोटे उद्यमियों के संघर्ष जैसे विषयों पर बने हैं। वे दर्शकों को संवेदनशील बनाते हैं, आक्रामक नहीं। भारत में भी कुछ अच्छे धारावाहिक बने हैं, जैसे हम लोग, बुनियाद, संजीवनी, बालिका वधू, उड़ान, तारक मेहता का उल्टा चश्मा आदि, जिन्होंने समाज को कुछ सकारात्मक संदेश दिए। लेकिन ऐसे धारावाहिकों की संख्या बहुत कम है। आज जरूरत ऐसे धारावाहिकों और फिल्मों की है जो समाज को मानसिक रूप से स्वस्थ बनाएं, जीवन जीने की कला सिखाएं, तनाव से मुक्ति का मार्ग दिखाएं, परिवार को जोड़ने का संदेश दें और सकारात्मक सोच का निर्माण करें। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मनोरंजन का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं होना चाहिए, बल्कि मन का निर्माण होना चाहिए। यदि फिल्म या धारावाहिक देखकर व्यक्ति अधिक आक्रामक, असंतुष्ट, तनावग्रस्त या अवास्तविक जीवन की कल्पनाओं में खो जाए, तो वह मनोरंजन नहीं, मानसिक प्रदूषण है। लेकिन यदि कोई फिल्म या धारावाहिक व्यक्ति को प्रेरित करे, जीवन में आशा जगाए, समस्याओं से लड़ने की शक्ति दे, रिश्तों को समझने की दृष्टि दे, तो वह वास्तविक मनोरंजन है। आज समाज में मानसिक बीमारियां, अवसाद, अकेलापन और तनाव तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में मनोरंजन उद्योग की जिम्मेदारी बहुत बड़ी है। उन्हें ऐसे धारावाहिक और फिल्में बनानी चाहिए जो मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति को स्वस्थ बनने की प्रेरणा दें, सकारात्मक सोच का निर्माण करें, योग, ध्यान, संवाद, परिवार, मित्रता और जीवन के उद्देश्य के महत्व को दिखाएं। यदि इस दिशा में काम किया जाए, तो मनोरंजन उद्योग समाज के लिए वरदान बन सकता है। यह भी विचारणीय है कि आखिर क्यों हमारे अधिकांश सीरियल सास-बहू के संघर्ष से शुरू होकर षड्यंत्र और बदले पर समाप्त होते हैं, और हमारी फिल्में मारधाड़ और हीरोगिरी पर आधारित होती हैं। इसका एक कारण यह है कि निर्माता यह मानते हैं कि दर्शक यही देखना चाहते हैं। लेकिन यह आधा सच है। वास्तविकता यह है कि दर्शकों को अच्छा, संवेदनशील और सार्थक कंटेंट मिलेगा, तो वे उसे भी उतना ही पसंद करेंगे, जैसा आज वे कोरियन ड्रामा को पसंद कर रहे हैं। इसका अर्थ है कि समस्या दर्शकों की पसंद में नहीं, बल्कि कंटेंट की दिशा में है। समय आ गया है कि भारतीय मनोरंजन जगत अपनी दिशा पर पुनर्विचार करे। उन्हें यह सोचना होगा कि वे समाज को किस दिशा में ले जा रहे हैं। क्या वे समाज को संवेदनशील, सकारात्मक और स्वस्थ बना रहे हैं, या केवल मनोरंजन के नाम पर नकारात्मकता, हिंसा और षड्यंत्र को बढ़ावा दे रहे हैं? मनोरंजन उद्योग केवल उद्योग नहीं है, वह समाज निर्माण का माध्यम भी है। कोरियन ड्रामा हमें यह सिखाते हैं कि मनोरंजन भी समाज को शिक्षित कर सकता है, प्रेरित कर सकता है, भावनात्मक रूप से परिपक्व बना सकता है और जीवन को समझने की दृष्टि दे सकता है। भारतीय सिनेमा और टेलीविजन यदि इस दिशा में काम करें, तो वे केवल मनोरंजन नहीं करेंगे, बल्कि समाज को बेहतर बनाएंगे। मनोरंजन का सर्वोच्च रूप वही है जो मनुष्य को बेहतर मनुष्य बनाए, जो निराशा में आशा दे, जो टूटते परिवारों को जोड़ने की प्रेरणा दे, जो तनावग्रस्त व्यक्ति को शांति दे, जो जीवन की समस्याओं का समाधान सिखाए। जब भारतीय धारावाहिक और फिल्में इस दिशा में बननी शुरू होंगी, तब मनोरंजन वास्तव में समाज निर्माण का माध्यम बन सकेगा। यही समय की आवश्यकता है और यही भविष्य की दिशा भी।

# फर्जी दस्तावेजों से जमानत कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। थाना कोतवाली सदर पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए जमानत कराने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से फर्जी मुहरें, आधार कार्ड और अन्य सामग्री बरामद की है। मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार 30 मार्च 2026 को संजय कुमार निवासी ग्राम रिठनई थाना अचलगंज ने शिकायत दी थी कि उनके और उनके चाचा राजकुमार के नाम पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कूट रचित दस्तावेज तैयार कर नगर मजिस्ट्रेट न्यायालय में प्रस्तुत किए गए और जेल में निरुद्ध गुफरान की जमानत करा ली गई। इस संबंध में कोतवाली सदर में मुकदमा संख्या 174/2026 धारा 318(4)/319(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान सामने आया कि जेल में बंद गुफरान ने सोहेल अहमद से संपर्क किया था। सोहेल ने गुफरान के पिता से 22 हजार रुपये लेकर जमानत कराने की जिम्मेदारी ली और अपने साथी रंजीत की मदद से फर्जी आधार कार्ड, ग्राम प्रधान का निवास प्रमाण पत्र और थाने की रिपोर्ट तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर दी।

6 अप्रैल 2026 को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गुफरान और सोहेल अहमद को काशीराम मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान सोहेल के पास से 8 फर्जी मुहरें, 11 आधार कार्ड और एक इंक पैड बरामद किया गया। गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमे में धारा 336(3)/ 338/340 (2)/ 61(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपित सोहेल और रंजीत द्वारा अन्य मामलों में भी फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमानत कराने की बात सामने आ रही है, जिसकी जांच जारी है। दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार आरोपितों में गुफरान (25) निवासी काशीराम कॉलोनी और सोहेल अहमद (60) निवासी शेखवाड़ा शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक गुफरान के खिलाफ कोतवाली सदर में डकैती, आर्म्स एक्ट, मारपीट, छेड़छाड़ सहित कई संगीन धाराओं में पूर्व में भी मुकदमे दर्ज हैं, जबकि सोहेल अहमद का नाम इसी प्रकरण में सामने आया है। कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक चन्द्रकांत मिश्र, उपनिरीक्षक पंकज राज शरद, हेड कांस्टेबल रामदेव प्रजापति, कांस्टेबल रजत, अमित और महिला कांस्टेबल गायत्री वर्मा शामिल रहे।

## आदर्श विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति का जागरूकता कार्यक्रम

उन्नाव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मिशन शक्ति टीम द्वारा मंगलवार को आदर्श विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी सफीपुर सोनम सिंह, मिशन शक्ति प्रभारी संतोष कुमारी, महिला थाना प्रभारी रेखा सिंह, परिवार परामर्श प्रभारी डॉ. आशीष श्रीवास्तव, वरिष्ठ सलाहकार डॉ. मनीष सिंह सेंगर, उपनिरीक्षक मिथिलेश, एआरटीओ संजीव कुमार सिंह, विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजना भदौरिया सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा। इस दौरान छात्राओं को 1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड लाइन), 108/102 (स्वास्थ्य सेवाएं) एवं 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन) के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# करोवन सरोसी परियर मार्ग के पुनर्निर्माण का शिलान्यास

- जनता की शिकायत पर शुरू हुआ मरम्मत कार्य, क्षेत्र में सड़कों के व्यापक विकास का किया दावा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। विधानसभा क्षेत्र के महत्वपूर्ण करोवन से सरोसी परियर मार्ग के आबादी क्षेत्र में विशेष मरम्मत कार्य का सोमवार को सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने क्षेत्रीय विकास को अपनी पहली प्राथमिकता बताते हुए सड़कों के व्यापक निर्माण व सुधार कार्यों का उल्लेख किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले क्षेत्र की अधिकांश सड़कें जर्जर व संकरी थीं, जिन पर चलना भी लोगों के लिए कठिन था। जगह-जगह गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती थीं और लोग चोटिल होते थे। विधायक बनने के बाद इस मार्ग का करीब 20 करोड़ रुपये की लागत से चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कराया गया, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिली। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अन्य प्रमुख मार्गों का भी विकास कराया गया है। सहजनीऽशंकरपुर मार्ग का 29 करोड़ रुपये, सिकंदरपुरऽभिम्मेश्वर मार्ग का 32 करोड़ रुपये तथा थाना से परमनी परियर मार्ग का 18 करोड़ रुपये की लागत से चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कराया गया है। विधायक ने कहा कि हाल ही में जनता द्वारा इस मार्ग के खराब होने की शिकायत मिलने पर उन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर समस्या रखी और प्रमुख सचिव अजय चौहान से व्यक्तिगत रूप से अनुरोध किया। इसके बाद मार्ग के पुनर्निर्माण का कार्य शुरू हो सका है। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास, बेहतर सड़क सुविधाएं और जनसुविधाओं को प्राथमिकता देना उनकी प्रतिबद्धता है। साथ ही उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष अमित त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष सुरेश शुक्ला, सुशील रावत, सर्वेश लोधी, प्रधान आशा, विमल सिंह, अजय सिंह, अतुल सिंह, दीपक सिंह, ऊदन चौरसिया, अनिल, संजय गुप्ता, दिनेश तिवारी, कालीशंकर त्रिपाठी, सुभाष, पवन सिंह, रजोल शुक्ला, लल्लन तिवारी, राजेंद्र, रिंकू, धनंजय सिंह, किशन, पिंकू, दिनेश, संदीप, संदीप गुप्ता, मनोज राठौर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# विद्यालय में भव्य प्रवेश उत्सव

## बीईओ ने किया प्रतिभाओं का गौरवपूर्ण अभिनंदन



- लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन पर रामपुर की खुशी और उपासना सम्मानित, बना समारोह का आकर्षण

उन्नाव। विकासखंड औरास के प्राथमिक विद्यालय करौदीं में नवीन प्रवेश उत्सव एवं सम्मान समारोह उल्लासपूर्ण वातावरण और सांस्कृतिक गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, एकल गायन, ल्लहम वक्त बदल देंगेङ्क, ल्लरंगीलो मारो ढोलनाङ्क तथा योगा थीम पर मनोहारी प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रधानाध्यापिका लक्ष्मी यादव ने बीईओ के समक्ष विद्यालय की वार्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए शैक्षिक एवं सह-शैक्षिक उपलब्धियों का विस्तृत विवरण रखा। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्मानित कराया गया।

समारोह में उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा के प्रतिभाशाली खिलाड़ी खुशी और उपासना को निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं खेलों में उच्च स्तरीय उपलब्धियों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जो कार्यक्रम का केंद्रबिंदु रहा। रामपुर गढ़ौवा के शिक्षक प्रदीप वर्मा ने इसे विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत उच्च कक्षाओं में नामांकन बढ़ाने हेतु अभिभावकों से रामपुर गढ़ौवा में प्रवेश दिलाने की अपील की, जबकि नोडल संकुल धर्मेंद्र सिंह ने भी अभिभावकों को प्रेरित किया।

बीईओ ने कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत विद्यालय में संचालित नवाचारी गतिविधियों की सराहना की। विद्या सागर मिश्र ने अपनी कक्षा के विद्यार्थियों को लेखन-पट्ट भेंट किए। एआरपी शिखा सिंह, मनीष मिश्र एवं पूनम ने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत संपन्न विकास कार्यों की जानकारी दी।

## 7 मई से दो चरणों में होगी जनगणना, छूटने न पाए कोई भी घर

बांदा। अपर जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए जनगणना संबंधी कार्यों की जानकारी दी। बताया कि जिले भर में दो चरणों में जनगणना कार्य पूरा होगा। पहले चरण में मकानों का सूचीकरण व गणना का कार्य 2026 में की जाएगी। दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना 2027 में होगी। इस तरह शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जनगणना का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य में कोई भी घर नहीं छूटने पाए। कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में मंगलवार को एडीएम कुमार धर्मेंद्र ने आयोजित जनगणना 2027 की बैठक में अधिकारियों से कहा कि जनगणना के आंकडे कल्याणकारी योजनाओं, संसाधनों के वितरण तथा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के आधार पर बनते हैं। प्रशिक्षण में बताया गया कि 7 से 21 मई तक परिवार के लोग स्वगणना कर सकते हैं। इसके बाद इसकी सूचना गणना होने पर संबंधित कार्मिकों को देनी आवश्यक है।

# बांगरमऊ में गेहूं खरीद शुरू

## 2585 रुपये प्रति क्विंटल तय समर्थन मूल्य

- विभा कटियार ने किया क्रय केंद्र का उद्घाटन, पहले दिन 280 क्विंटल गेहूं की खरीद

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांगरमऊ। नगर के संडीला मार्ग स्थित राज्य कृषि उत्पादन मंडी समिति यार्ड में मंगलवार को पीसीएफ बीपैक्स जसरा मारूफपुर द्वारा सरकारी समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद की शुरुआत कर दी गई। क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार की धर्मपत्नी विभा कटियार ने विधिवत फीता काटकर क्रय केंद्र का उद्घाटन किया। इस दौरान किसानों में उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर केंद्र पहुंचे।

उद्घाटन अवसर पर गेहूं क्रय केंद्र प्रभारी बालेश कनौजिया ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा इस वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए केंद्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

क्रय केंद्र के शुभारंभ के बाद पहले ही दिन क्षेत्र के पूर्व पंजीकृत किसान अजयपाल, रघुबीर, अवधेश और प्रमेश सिंह सहित अन्य किसानों से करीब 280 क्विंटल गेहूं की खरीद सरकारी दर पर की गई।

केंद्र प्रभारी ने बताया कि यह खरीद प्रक्रिया आगे भी लगातार जारी रहेगी और अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अर्जुन लाल दिवाकर, प्रगतिशील किसान चौधरी प्रमेश सिंह, जिला विपणन अधिकारी संतोष यादव, पीसीएफ के जिला प्रबंधक विवेक यादव तथा सहायक विकास अधिकारी सहकारिता श्याम सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई और उन्हें अधिकाधिक पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित किया गया।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 29.04.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुअल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या 00332026 दिनांक 07.04.2026 |
| 2 | निविदा संख्या : 02-SrDEN-I-LKO-2026-27 |
| 3 | कार्य का नाम : सहायक मंडल अभियंता-प्रथम लखनऊ के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/कार्य/लखनऊ के अनुभाग में लखनऊ के गुड्स यार्ड में लाइन सं. 10 (डीजल शेड) के सड़क मार्ग का प्रावधान और लाइन संख्या 8 (साइडिंग लाइन) के मार्ग की मरम्मत आदि। |
| 4 | अनुमानित लागत : रु. 1,11,77,653.75 |
| 5 | धरोहर राशि : रु. 2,23,600 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| 7 | निविदा डालने की प्रारंभ तिथि : 15.04.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 29.04.2026, 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट : www.ireps.gov.in |

नोट:- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1154/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा सूचना सं. | 1213-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक 06.04.2026 |
| 2. | कार्य का नाम | उत्तर रेलवे मण्डल अस्पताल, लखनऊ में मरीजों और परिचारकों हेतु 02 लिफ्टों की व्यवस्था। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 1,01,39,123/- (एक करोड़ एक लाख उनतालीस हजार एक सौ तेईस रुपये मात्र) |
| 4. | बयाना राशि | रु. 2,02,800/- (दो लाख दो हजार आठ सौ रुपये मात्र) |
| 5. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 80 माह |
| 6. | ई-निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 29.04.2026 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 7. | प्रस्ताव की वैधता | ई-निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सूचना सं.: 1213-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ
दिनांक: 06.04.2026 1155/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिग्नल एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं वास्तविक सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106-सिग/टेंडर/01/2026-27 |
| कार्य का नाम: एस एंड टी कार्य आई.सी.डब्लू, उत्तर रेलवे के एलकेओ डिवीजन पर नवीनतम आरडीएसओ दिशानिर्देश संख्या- आरडीएसओ-एसआईजीओएसपीईसी (पीआरओजी)/1/2020, दिनांक 01.01.2025 के अनुसार अर्थिंग व्यवस्था में सुधार। | |
| अनुमानित लागत | ₹ 52842608.35/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | ₹ 1056600.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 365 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 27.04.2026 15:30 Hrs. |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ म.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है।
- समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेगी।

निविदा सू० सं०-106-सिग/टेन्डर/01/2026-27 दिनांक: 06.04.2026
1150/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अग्निकांड पीड़ितों के बीच पहुंचीं ब्लॉक प्रमुख, वितरित की राहत सामग्री

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांगरमऊ। क्षेत्र के गांव मल्लाहन पुरवा में पांच दिन पूर्व हुए भीषण अग्निकांड से प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए मंगलवार को ब्लॉक प्रमुख संध्या सिंह पटेल गांव पहुंचीं। उन्होंने आग से प्रभावित करीब 30 परिवारों के बीच आवश्यक खाद्य सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुओं का वितरण किया। ज्ञात हो कि मल्लाहन पुरवा गांव में अचानक लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था, जिससे लगभग 30 घर जलकर राख हो गए थे। इस हादसे में पीड़ित परिवारों का अनाज, कपड़े, बर्तन सहित दैनिक उपयोग का लगभग सारा सामान जलकर नष्ट हो गया था। घटना के बाद से ही पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर थे। ऐसे कठिन समय में ब्लॉक प्रमुख संध्या सिंह पटेल ने मौके पर पहुंचकर पीड़ितों का हालचाल जाना और उन्हें हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। उन्होंने प्रत्येक परिवार को राहत सामग्री के रूप में 10 किलो आटा, 5 किलो चावल, 6 किलो आलू, दाल, प्याज सहित अन्य खाद्य सामग्री वितरित की। इसके अलावा साड़ी, कपड़े और बर्तन भी दिए गए, ताकि प्रभावित परिवार अपनी दिनचर्या को दोबारा शुरू कर सकें।

राहत सामग्री पाकर पीड़ित परिवारों के चेहरों पर कुछ राहत नजर आई। ग्रामीणों ने ब्लॉक प्रमुख का आभार जताते हुए कहा कि इस मुश्किल घड़ी में मिली मदद उनके लिए बड़ी सहारा साबित हो रही है।

# मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

- लूटकांड का खुलासा, गिरोह के 6 अन्य सदस्य भी दबोचे गए



उन्नाव। थाना पुरवा पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में लूट की घटना का खुलासा करते हुए 25 हजार रुपये के इनामी गैंगस्टर समेत गिरोह के छह अन्य सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस मुठभेड़ के दौरान मुख्य आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसे इलाज के लिए भेजा गया है।

पुलिस के अनुसार 25 फरवरी 2026 को भूपतिपुर निवासी महेश कुमार ने तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात बदमाश उनकी पत्नी के हाथ से नगदी व जेवरात से भरा हैंडबैग लूटकर फरार हो गए थे। इस मामले में थाना पुरवा में मुकदमा दर्ज कर पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम को जांच में लगाया गया।

6 अप्रैल को संयुक्त टीम पुरवा-अचलगंज मार्ग स्थित शारदा नहर के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार दो संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन वे भागने लगे। पीछा करने पर बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिसके बाद एक बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उसे घायल कर गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान 25 हजार के इनामी गैंगस्टर इरफान अहमद के रूप में हुई। दूसरे आरोपी प्रेम सिंह को भी मौके से दबोच लिया गया।

पूछताछ में इरफान ने बताया कि उसने लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद इस्तेमाल की गई अपाचे बाइक को अपने साथियों के जरिए कबाड़ में कटवाकर बेच दिया था। वहीं लूटे गए जेवर को गलाने के लिए गिरोह के अन्य सदस्यों को सौंप दिया गया था।

पुलिस ने इरफान की निशानदेही पर उसके गिरोह के अन्य सदस्यों जमीलुद्दीन, सादाब, विपिन जायसवाल, अब्दुल मजीद और फाजिल उर्फ लकी–को भी गिरफ्तार कर लिया। फाजिल के कब्जे से 250 ग्राम सफ़ेद धातु (आभूषण) बरामद किया गया।

पुलिस ने आरोपियों के पास से तमंचा, कारतूस, मोबाइल फोन, चोरी की मोटरसाइकिल और लूटे गए जेवर बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक मुख्य आरोपी इरफान शातिर लुटेरा है, जो गुरुग्राम में रहकर मजदूरी करता है और समय-समय पर उन्नाव आकर वारदात को अंजाम देता है। वह कानपुर से बाइक चोरी कर लखनऊ, रायबरेली, फतेहपुर और कानपुर नगर में लूट करता था। वारदात के बाद वह माल को गिरोह के अन्य सदस्यों को देकर दोबारा गुरुग्राम लौट जाता था। इरफान के खिलाफ लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के कई मुकदमे विभिन्न थानों में दर्ज हैं। वहीं प्रेम सिंह का नाम भी इस प्रकरण में सामने आया है।

इनाम से सम्मानित हुई टीम- घटना के सफल अनावरण पर पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम को पूर्व घोषित 25 हजार रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# बरेली में 'यक्ष एप' बना पुलिस का नया हथियार

## सड़क हादसे से खुला अपहरण और अपराध का बड़ा राज

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बरेली। अपराधियों की पहचान और घटनाओं के अनावरण में 'यक्ष एप' बरेली परिक्षेत्र पुलिस के लिए बड़ा हथियार साबित हो रहा है। पुलिस उपमहानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र अजय कुमार साहनी के निर्देशन में परिक्षेत्र के सभी जिलों में इस एप का लगातार इस्तेमाल किया जा रहा है। एप के माध्यम से गिरफ्तार अपराधियों के फोटो, फिंगरप्रिंट, वॉयस सैंपल, आपराधिक इतिहास और अन्य जानकारियां फीड की जा रही हैं, जिससे पुलिस को अपराधों के खुलासे में तेजी मिल रही है।

हाल ही में जनपद बरेली पुलिस ने 'यक्ष एप' की मदद से दो बड़ी घटनाओं का सफल अनावरण किया। पहली घटना 5 अप्रैल 2026 की है, जब सीबीगंज थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बोलेरो सड़क किनारे खड़े कैंटर से टकरा गई। हादसे के बाद पीछे से आ रही बाइक भी बोलेरो से भिड़ गई। दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक और दो छोटे बच्चे घायल हो गए।

पुलिस ने मृतकों और घायलों के मोबाइल फोन तथा 'यक्ष एप' में दर्ज उनके रिकॉर्ड खंगाले तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ।

मृतक मनमोहन, सिकंदर और विशेष के साथ घायल युवक प्रिंस हत्या, डकैती और लूट जैसे गंभीर मामलों के आरोपी निकले। जांच के दौरान मनमोहन के पिता नत्थूलाल से पूछताछ की गई, जिसमें सामने आया कि इन लोगों ने 4 अप्रैल को गुरुग्राम से मनोज नामक व्यक्ति और उसके दो बच्चों का अपहरण किया था।

पुलिस को यह भी पता चला कि बोलेरो में घायल मिले दोनों बच्चे वही अपहृत बच्चे थे, जबकि उनके पिता मनोज को फरीदपुर के एक मकान में बंधक बनाकर रखा गया था। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मनोज को सकुशल बरामद कर लिया।

वहीं दूसरी घटना में बारादरी थाना क्षेत्र में 31 मार्च को घर में घुसकर बुलेट मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और चांदी का ब्रेसलेट चोरी करने वाले बदमाशों का खुलासा भी 'यक्ष एप' और सीसीटीवी फुटेज की मदद से हुआ।

पुलिस ने इस मामले में सिकंदर उर्फ छोटा और उसके साथी मुकेश को गिरफ्तार कर लिया।

# गंगा में नाव पर सवार होकर बीयर पीने वाला युवक गिरफ्तार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में गंगा नदी में बजड़े (बड़ी नाव) पर सवार होकर बीयर पीते युवक का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद एक्शन में आई पुलिस ने आरोपित युवक को अस्सीघाट के समीप से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान नगवां निवासी नाव डेकोरेटर अर्जुन राजभर (25 वर्ष) के रूप में हुई है। एसीपी भेलूपुर गौरव कुमार ने इसकी पुष्टि की।

बताया जा रहा कि पकड़े जाने के बाद युवक अपनी गलती को स्वीकार कर माफी भी मांगता रहा। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपित ने पुलिस को बताया कि रविवार शाम को वह वाराणसी से अदलपुरा बड़ी शीतला माता के जाने वाले बधावा यात्रा में शामिल हुआ था। अर्जुन क अनुसार वह शाम को घर से निकला था और रात में अदलहाट पहुंच गया था। रास्ते में उसने साथियों के साथ नाव के अंदर बीयर पीने के बाद डीजे पर डांस किया था। इस मामले में नाविक प्रेम साहनी ने भेलूपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। मां गंगा निषादराज सेवा न्यास ने भी दशाश्वमेध एसीपी को पत्रक सौंप कर आरोपित को गिरफ्तार करने की मांग की थी। बताया था कि प्रत्येक वर्ष माझी समाज वाराणसी से अदलपुरा स्थित बड़ी शीतला माता का बधावा लेकर धूमधाम से नावों पर सवार होकर जाता है। टीवी पर वायरल वीडियो में कुछ लोग शराब पीते नजर आए है। जो बेहद निंदनीय है। इस वीडियो को मां शीतला के बधावा यात्रा और निषाद समाज से जोड़ा जा रहा है। जो कहीं से भी सही नहीं है। माझी समाज आरोपित के कृत्य के खिलाफ हैं । ऐसे में दोषी की शिनाख्त कर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाही की जाए।

# नशे में युवक ने घर के छप्पर में लगाई आग

● ग्रामीणों की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अज़ान खीरी। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम शेरपुर में मंगलवार शाम करीब साढ़े चार बजे एक युवक की लापरवाही से बड़ा हादसा होते-होते टल गया। शराब के नशे में धुत युवक ने अपने ही घर के छप्पर में आग लगा दी, जिससे कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गांव निवासी राजू ने नशे की हालत में घर में रखे छप्पर में आग लगा दी। देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं और घर में रखे तीन छप्पर जलकर खाक हो गए। वहीं आग की चपेट में आने से बिजली की केबिल भी पूरी तरह जल गई, जिससे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति कुछ समय के लिए बाधित हो गई। आग की ऊंची लपटों को देख आसपास के मकानों में भी आग फैलने का खतरा पैदा हो गया। स्थिति को भांपते हुए ग्रामीणों ने तुरंत एकजुट होकर बाल्टी, पानी और अन्य संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया, जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन आग से घरेलू सामान व छप्परों को नुकसान पहुंचा है।

ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित युवक शराब पीने का आदी है और पहले भी विवादित व्यवहार कर चुका है। घटना की सूचना हैदराबाद थाना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आवश्यक कार्रवाई की बात कही है। वहीं प्रशासन की ओर से लोगों से अपील की गई है कि इस तरह की लापरवाही से बचें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस व दमकल विभाग को सूचना दें।

## अल्ट्रासाउंड सेंटर का ताला तोड़कर हजारों की चोरी, पुलिस जांच में जुटी



मितौली खीरी। कस्बा मितौली में थाना क्षेत्र के पास स्थित सिटी अल्ट्रासाउंड सेंटर में सोमवार रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। जानकारी के अनुसार, चोरों ने सेंटर के मुख्य गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और एक इन्वर्टर, दो बैटरियां, लैपटॉप समेत अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। अल्ट्रासाउंड सेंटर के प्रबंधक मौसमपुर निवासी अभिषेक कुमार दीक्षित ने पुलिस को दी तहरीर में पूरी घटना की जानकारी देते हुए कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। कोतवाली प्रभारी महेश पाठक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा लगातार हो रही चोरियों से स्थानीय व्यापारियों में रोष व्याप्त है और उन्होंने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की ।

# युवा नेता अमित सिंह को जिला मंत्री बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मितौली खीरी। मितौली क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के युवा चेहरे अमित सिंह निवासी बिछिया को जिले की टीम में जिला मंत्री की अहम जिम्मेदारी मिलने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर भाजपा मंडल मितौली के पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, कार्यकर्ता एवं शुभचिंतक बड़ी संख्या में उनके आवास पर पहुंचे और पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी। अमित सिंह वर्तमान में चंद्रिका सिंह सुंदर सिंह महाविद्यालय फत्तेपुर के प्रबंधक होने के साथ-साथ एक कुशल व्यापारी भी हैं। लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहकर उन्होंने युवाओं के बीच अपनी मजबूत पकड़ बनाई है।

नवीन जिम्मेदारी मिलने पर अमित सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे हमेशा एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में संगठन के लिए उपलब्ध रहेंगे और किसी के सम्मान में कमी नहीं आने देंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी के प्रति निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उनकी नियुक्ति के बाद क्षेत्र में खासा उत्साह देखा गया। समर्थकों ने जगह-जगह मिठाइयां बांटी और एक-दूसरे को बधाई दी। स्थानीय लोगों का मानना है कि अमित सिंह के जिला मंत्री बनने से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और युवाओं की भागीदारी में वृद्धि होगी।

इस मौके पर भाजपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

# पिछड़ों, दलितों व वंचितों की अनदेखी भाजपा को पड़ सकती है भारी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

● जिला कार्यकारिणी में उपेक्षा पर बढ़ा असंतोष

गोला गोकर्णनाथ खीरी। भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी की घोषणा के बाद क्षेत्र में पिछड़े, दलित, शोषित एवं वंचित वर्गों में असंतोष के स्वर तेज हो गए हैं। पटेल संस्थान गोला में अध्यक्ष राजीव पटेल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इस मुद्दे पर गहन चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा की नई जिला टीम में पिछड़े वर्ग, विशेषकर कुर्मी समाज तथा दलित समुदाय की भागीदारी को नजरअंदाज किया गया है, जिससे एक बड़े मतदाता वर्ग में नाराजगी व्याप्त है। उन्होंने बताया कि गोला विधानसभा क्षेत्र में पिछड़ा वर्ग हमेशा निर्णायक भूमिका में रहा है। वर्ष 2022 के आंकड़ों के अनुसार यहां 1,46,368 पिछड़ा वर्ग के मतदाता हैं, जिनमें 89,678 कुर्मी मतदाता शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 1,27,261 दलित मतदाताओं की भी महत्वपूर्ण संख्या है। इतनी बड़ी आबादी के बावजूद प्रतिनिधित्व न के बराबर होना चिंता का विषय है। वक्ताओं ने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास' के नारे के विपरीत वास्तविकता दिखाई दे रही है। जिले में लगभग 4,75,453 कुर्मी मतदाताओं के अनुपात में मुख्य संगठन में मात्र एक पदाधिकारी को स्थान दिया जाना असंतोष का कारण बना है।

यह भी कहा गया कि कुर्मी बाहुल्य गोला विधानसभा से किसी भी सक्रिय और जमीनी नेता को जिला कार्यकारिणी में शामिल न करना क्षेत्र की उपेक्षा को दर्शाता है। कई अनुभवी और प्रभावशाली नेताओं की अनदेखी से कार्यकर्ताओं में निराशा है। पटेल संस्थान ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जो भी राजनीतिक दल पिछड़े, दलित, शोषित एवं वंचित वर्गों की उपेक्षा करेगा, उसे आगामी चुनाव में समाज का समर्थन नहीं मिलेगा। वक्ताओं ने यह भी कहा कि यदि जमीनी कार्यकर्ताओं की अनदेखी जारी रही तो 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है बैठक में अंकुर वर्मा, अजय वर्मा, कपिल वर्मा, शिवम पटेल, आशीष पटेल, अमित वर्मा, अशोक कनौजिया, दीपू वर्मा, विक्रम, अरविंद कुमार वर्मा, राजीव वर्मा, सतीश वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## खेत में 25 गिद्ध मृत मिलने से हड़कंप, 5 बेहोश हालत में मिले

लखीमपुर खीरी। भीरा रेंज के अंतर्गत पड़रिया बीट क्षेत्र में एक खेत में बड़ी संख्या में गिद्धों के मृत मिलने से हड़कंप मच गया। ग्राम सेमरिया, तहसील गोला निवासी किसान भारत की कृषि भूमि पर मंगलवार दोपहर यह मामला सामने आया, जिसकी सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। जानकारी के अनुसार, खेत में करीब 25 गिद्ध मृत अवस्था में पाए गए, जबकि 5 गिद्ध बेहोशी की हालत में मिले। सूचना मिलते ही क्षेत्रीय वन अधिकारी, भीरा रेंज स्टाफ और पशु चिकित्सक की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। बेहोश मिले गिद्धों का पशु चिकित्सकों द्वारा तत्काल उपचार किया गया। वहीं मृत गिद्धों का पोस्टमार्टम कराने के लिए वन विभाग ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम बुधवार को भीरा रेंज परिसर में कराया जाएगा, जिसके लिए विशेषज्ञों की टीम गठित की गई है। वन विभाग के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही गिद्धों की मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# खाकी पर लगा बदनुमा दाग: कोतवाल का ड्राइवर बताकर मांगी उधार शराब, मना करने पर सेल्समैनों से मारपीट

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अज़ान खीरी। कोतवाली गोला क्षेत्र के ग्राम महमदपुर स्थित देशी शराब की दुकान पर सोमवार शाम खाकी का रौब दिखाकर उधार शराब मांगने और मना करने पर सेल्समैनों से मारपीट का मामला सामने आया है। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिससे खाकी की छवि पर सवाल उठ रहे हैं।

आरोप है कि कालीचरणपुर निवासी विजयपाल अपने साथियों के साथ दुकान पर पहुंचा और उधार शराब की मांग करने लगा। सेल्समैनों द्वारा मना करने पर उसने गाली-गलौज शुरू कर दी और कुछ देर बाद अन्य लोगों को बुलाकर दोनों कर्मचारियों के साथ मारपीट की।



पीड़ित सेल्समैन संजय कुमार पुत्र रामपाल जायसवाल और सानू शुक्ला ने गोला पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार, कमला देवी पत्नी रामपाल जायसवाल की देशी शराब की दुकान महमदपुर में स्थित है। सोमवार, 6 अप्रैल 2026 की रात करीब 9:40 बजे विजयपाल पुत्र मिश्रीलाल अपने साथ कई अज्ञात लोगों को लेकर दुकान पर पहुंचा और उधार शराब मांगने लगा।

# संक्षिप्त समाचार

## घर में चोरी की वारदात से हड़कंप, पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

कटरा बाजार,गोंडा। कटरा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत एक घर में हुई चोरी की घटना ने इलाके में हड़कंप मचा दिया है। पीड़ित द्वारा पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में घटना का विस्तृत विवरण देते हुए अब तक कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई गई है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, ग्राम परसौना अवस्थी चौराहा निवासी हृदयराम पुत्र गुल्ले अपने परिवार के साथ चंडीगढ़ गए हुए थे। दिनांक 02 फरवरी 2026 को लगभग 11 बजे जब वह अपने घर वापस लौटे, तो घर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था और अटैची में रखा कीमती सामान गायब था।पीड़ित के मुताबिक चोरी हुए सामान में एक जोड़ी चांदी की पायल, एक जोड़ी सोने की झुमकी, सोने का मंगलसूत्र (तीन टप्पा वाला), तीन जोड़ी चांदी की बिछिया सहित कुछ महत्वपूर्ण कागजात भी शामिल हैं। अज्ञात चोर घर में घुसकर यह कीमती सामान लेकर फरार हो गए। हृदयराम ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में 02 फरवरी 2026 और 08 फरवरी 2026 को स्थानीय थाना कटरा बाजार में प्रार्थना पत्र देकर शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।अब पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाते हुए दोषियों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है और लोगों में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठने लगे हैं। वहीं अब यह देखना होगा कि पुलिस प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और पीड़ित को कब तक न्याय मिल पाता है या फिर मामले को हर बार की तरह ठंडे बस्ते में दबा दिया जाता है।

## तहसील लिपिक की गलती, किसान को मिल रही सजा

अज़ान खीरी। तहसील गोला में प्रशासनिक लापरवाही का खामियाजा एक गरीब किसान को भुगतना पड़ रहा है। ग्राम रोशन नगर निवासी कमलेश कुमार पुत्र बाबूराम का धारा-38 के तहत नामांतरण का मामला कई महीनों से एसडीएम न्यायालय में लंबित है, जबकि सभी स्तरों की जांच रिपोर्ट में मामला स्पष्ट बताया जा चुका है। जानकारी के अनुसार कमलेश कुमार ने जमीन का विधिवत बैनामा कराया और नियमानुसार दाखिल-खारिज के लिए प्रार्थना पत्र दिया। लेखपाल, भूलेख निरीक्षक एवं तहसीलदार की आख्या में किसी प्रकार का विवाद नहीं पाया गया, इसके बावजूद अब तक नामांतरण का आदेश पारित नहीं किया गया है। आरोप है कि तहसील के लिपिक की गलती से विक्रेता का नाम खतौनी से नहीं हटाया गया, लेकिन इसका खामियाजा क्रेता किसान को भुगतना पड़ रहा है। फाइल को लंबे समय तक लंबित रखने के बाद किसान को तलब किया गया। पीड़ित किसान का कहना है कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह समय पर उपस्थित नहीं हो सका, जिसके बाद तहसील प्रशासन ने सभी रिपोर्ट स्पष्ट होने के बावजूद विक्रेता पक्ष को नोटिस जारी कर दिए, जिससे मामला और उलझ गया इस प्रकरण ने तहसील प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## खुटार मार्ग पर अर्टिगा कार और बाइक की भीषण भिड़ंत, एक की मौत, एक गंभीर

अज़ान खीरी। तहसील गोला के थाना मैलानी क्षेत्र अंतर्गत खुटार रोड पर सोमवार को हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, मैलानी क्षेत्र के ग्राम जवाहरपुर निवासी नगीना (35) पुत्र प्यारे लाल अपने साथी रवि कुमार (40) निवासी ग्राम फुलहिया के साथ बाइक से गोला से दवा लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान खुटार की ओर से आ रही तेज रफ्तार अर्टिगा कार ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक और कार दोनों बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही मैलानी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गोला भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने नगीना को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल रवि कुमार का उपचार जारी है। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। मृतक नगीना अपने पीछे दो मासूम बेटे-नितेश (8) और हिमांशु (6) - को छोड़ गया है। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कार चालक की तलाश जारी है।

## मैलानी खीरी मेले में प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन



मैलानी खीरी। क्षेत्र में आयोजित मेले के अंतर्गत हुई प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में शुशांत, राज, प्रांजल और दिव्या ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सिमरन और दिया ने द्वितीय स्थान हासिल कर सराहना पाई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों के रूप में सुभाष सक्सेना, मुन्ना पत्रकार, भवानी शंकर माहेश्वरी, वालिया एवं गुरमीत कौर उपस्थित रही। अतिथियों ने विजेताओं को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मेले में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम का उत्साह और बढ़ गया। प्रतियोगिता ने मेले की रौनक में चार चांद लगा दिए। आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की देखभाल मजबूत करने को एएनएम को मिला विशेष प्रशिक्षण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। जनपद में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसके अंतर्गत आकांक्षात्मक ब्लॉकों में कार्यरत सभी एएनएम को उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं (एचआरपी) की पहचान, उपचार एवं प्रबंधन के लिए दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिया गया, जो मंगलवार को संपन्न हो गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है।

इसी क्रम में जनपद के चारों आकांक्षात्मक ब्लॉकों में चिकित्सकों द्वारा एएनएम को प्रशिक्षित किया गया, ताकि वे क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा सकें। प्रशिक्षण के दौरान एएनएम को हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान, समुचित उपचार, प्रभावी प्रबंधन एवं आवश्यकता पड़ने पर रेफरल सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही एनीमिया की जांच एवं उपचार, संतुलित आहार व पोषण परामर्श, प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) तथा सुरक्षित एवं संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया गया सीएमओ ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद एएनएम जमीनी स्तर पर गर्भवती महिलाओं की बेहतर देखभाल कर सकेंगी, जिससे जटिलताओं की समय रहते पहचान संभव होगी और गंभीर मामलों में शीघ्र उपचार मिल सकेगा।

# सीतामढ़ी के बच्चों को अब बड़े शहर जैसी पढ़ाई: नए स्कूल से खुलेंगे बेहतर मौके

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



सीतामढ़ी। अब बच्चों की अच्छी पढ़ाई के लिए बड़े शहर जाने की मजबूरी धीरे-धीरे खत्म हो रही है। सीतामढ़ी में भी अब ऐसे स्कूल खुल रहे हैं, जहाँ बच्चों को आधुनिक तरीके से पढ़ने और आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। इसी दिशा में बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल का भव्य उद्घाटन किया गया। इस स्कूल के शुरू होने से इलाके के बच्चों को बेहतर पढ़ाई, अच्छी सुविधाएँ और नई स्किल्स सीखने का माहौल मिलेगा, जिससे उनका आत्मविश्वास और भविष्य दोनों मजबूत होंगे। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद देवेश चंद्र ठाकुर मौजूद रहे। उनके साथ सुनील कुमार पिंटू और अनिल कुमार भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी अतिथियों ने स्कूल का दौरा किया और वहाँ की सुविधाओं को देखा, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि बच्चों को यहां अच्छा माहौल मिलने वाला है। कार्यक्रम में देवेश चंद्र ठाकुर ने कहा कि ऐसे स्कूल बच्चों को सही दिशा देने का काम करते हैं और उनके भविष्य को मजबूत बनाते हैं। वहीं, बिरला ओपन माइंड्स एजुकेशन के प्रबंध निदेशक निर्वान बिरला ने कहा कि उनका उद्देश्य बच्चों को सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं रखना, बल्कि उन्हें जीवन के लिए तैयार करना है। कुल मिलाकर, इस स्कूल के खुलने से सीतामढ़ी के बच्चों को अब घर के पास ही अच्छी पढ़ाई और आगे बढ़ने का बेहतर मौका मिलेगा।



# दबंगों के हस्तक्षेप से गरीब के आवास निर्माण में रोड़ा

## पात्र लाभार्थी भटकने को मजबूर

● स्वीकृति और धनराशि के बाद भी अधूरा सपना

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोण्डा। केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना जहां एक ओर गरीबों को पक्का मकान देने का सपना साकार कर रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर दबंगई और अवरोध इस योजना की राह में रोड़ा बन रहे हैं। कर्नलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नारायनपुर मांझा के मजरा चिथरिहा में ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जहां पात्र लाभार्थी का आवास निर्माण कार्य दबंगों के हस्तक्षेप के चलते ठप पड़ गया है।

ग्राम निवासी बदलू ने पुलिस व प्रशासन को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी बहू के नाम प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत हुआ है। पहली किस्त की धनराशि खाते में आने के बाद उसने अपनी निजी भूमि, गाटा संख्या 2712(ग) पर निर्माण कार्य शुरू कराया, लेकिन कुछ ही समय बाद निर्माण कार्य रुकवा दिया गया।

दबंगों का हस्तक्षेप, महिलाओं को आगे कर बना रहे दबाव

पीड़ित का आरोप है कि नगर कर्नलगंज के मोहल्ला सकरौरा के कुछ लोग अपने परिजनों के साथ मिलकर जबरन निर्माण कार्य में बाधा डाल रहे हैं। आरोपियों द्वारा महिलाओं को आगे कर विरोध किया जा रहा है, जिससे विवाद और बढ़ता जा रहा है तथा पीड़ित परिवार मानसिक रूप से परेशान है।

शिकायत के बाद राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर भूमि की पैमाइश की। जांच में स्पष्ट हुआ कि पीड़ित गाटा संख्या 2712(ग) की अपनी वैध भूमि पर निर्माण कर रहा है,जबकि विरोध करने वाले पक्ष की जमीन गाटा संख्या 2721 व 2722 में स्थित है। इसके बावजूद निर्माण कार्य में बाधा जारी है।

### कार्रवाई की मांग, प्रशासन पर उठे सवाल

पीड़ित परिवार ने मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर दबंगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि ऐसे मामलों में प्रशासन समय पर कार्रवाई नहीं करता, तो गरीबों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचना मुश्किल हो जाएगा।

इस संबंध में उपजिलाधिकारी कर्नलगंज नेहा मिश्रा से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन नहीं उठ सका।

### जमीनी हकीकत ने खोली व्यवस्था की पोल

यह मामला दर्शाता है कि योजनाओं की सफलता केवल कागजों और स्वीकृति तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए स्थानीय स्तर पर मजबूत प्रशासनिक हस्तक्षेप और सुरक्षा भी बेहद जरूरी है।

# पत्रकार व उनके परिजनों से मारपीट, जान से मारने की धमकी, कार्रवाई न होने से रोष

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कर्नलगंज (गोंडा)। कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र में एक पत्रकार और उसके परिजनों सहित खेत में गेंहू मड़ाई काम में लगे मजदूरों के साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। पीड़ित पत्रकार ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं हल्के में काफी समय से तैनात पुलिस कर्मी रामशरण मौर्य की कार्यशैली पर भी गंभीर आरोप लगा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम कोंचा कासिमपुर निवासी पत्रकार वीरेंद्र कुमार तिवारी 6 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे अपने खेत में कंबाइन मशीन से गेहूं की मड़ाई करा रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान ग्राम सिकरी निवासी रवि दूबे मौके पर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने पत्रकार व उनके परिजनों और मजदूरों के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। इस घटना में पत्रकार को घुटने और गले में चोटें आई हैं। पीड़ित का यह भी आरोप है कि हमलावर कृषि यंत्र की बैट्री भी मौके से उठा ले गए। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पुलिस को दी गई, लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। उल्टा कंबाइन चालक की मोटरसाइकिल थाने उठा ले गई। इसके अलावा, आरोपी द्वारा सोशल मीडिया पर अभद्र व अपमानजनक टिप्पणियां कर पीड़ित की मानहानि करने और भय का माहौल बनाने का भी आरोप है। पीड़ित ने संबंधित साक्ष्य भी पुलिस को सौंपे है। वहीं हल्के में काफी समय से तैनात पुलिस कर्मी रामशरण मौर्य की निरंकुश कार्यशैली पर भी गंभीर आरोप लगा है।

# गुजरात टाइटंस के खिलाफ दिल्ली के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर रहेगी नजर

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स को अगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी मजबूती बनाए रखना है तो बुधवार को यहां होने वाले मैच में गुजरात टाइटंस की लड़खड़ाती टीम के खिलाफ केएल राहुल की अगुवाई वाले उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली कैपिटल्स ने गेंदबाज़ी में अच्छा प्रदर्शन किया है जिससे वह पिछले कुछ मैच जीतने में सफल रही। बल्लेबाजी में उसकी तरफ से 22 वर्षीय समीर रिजवी ने अधिक जिम्मा संभाला है। इस युवा बल्लेबाज ने अपने धैर्य और कौशल का शानदार नमूना पेश करके प्रभावित किया है। अगर राहुल और शीर्ष क्रम के अन्य बल्लेबाज लय में आ जाते हैं, तो दिल्ली कैपिटल्स और भी मजबूत टीम बन जाएगी। राहुल अपनी शुरुआती दो पारियों में जिस तरह से आउट हुए हैं, उसके लिए उन्हें दोषी नहीं ठहराया जा सकता और वह किसी भी समय बड़ी पारी खेल सकते हैं। तीसरे नंबर पर हालांकि नीतीश राणा असफल रहे हैं और लग रहा है कि वह इस नंबर पर ज्यादा दबाव महसूस कर रहे हैं। श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका ने यहां पिछले मैच में अपनी लय हासिल कर ली थी, जिससे उन्हें पावरप्ले में गुजरात टाइटन्स के तेज गेंदबाजों कैगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज की जोड़ी का सामना करने के लिए जरूरी आत्मविश्वास मिलेगा।



आईपीएल में लगातार तीसरा अर्धशतक (एक अर्धशतक पिछले सत्र के अपने आखिरी मैच में लगाया था) लगाने वाले रिजवी आक्रामक फॉर्म में हैं। उनमें स्पिनरों की जमकर धुनाई करने की क्षमता तो पहले से थी ही, लेकिन अब वह तेज गेंदबाजों को भी नहीं बख्श रहे हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में उन्होंने पारी के शुरू में संयमित रवैया अपनाया लेकिन बाद में उन्होंने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करके अपनी टीम को आसान जीत दिलाई। दिल्ली की तरफ से गेंदबाजों में मुकेश कुमार ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है, वहीं कप्तान अक्षर पटेल पावरप्ले और बीच के ओवरों दोनों में प्रभावी रहे हैं। लुंगी एनगिडी ने दिल्ली की गेंदबाजी इकाई को मजबूती प्रदान की है, जिसमें टी नटराजन और कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव भी शामिल हैं। इसके विपरीत गुजरात टाइटन्स एक ऐसी टीम है जो दोनों विभाग में लड़खड़ा रही है। गुजरात टाइटन्स अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर जरूर से ज्यादा निर्भर नजर आ रही है और उसका मध्यक्रम नहीं चल पा रहा है। गुजरात टाइटन्स को अपने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 205 रन का लक्ष्य से हासिल कर लेना चाहिए था, लेकिन सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन से मिली अच्छी शुरुआत का मध्यक्रम के बल्लेबाज फायदा नहीं उठा सके।

## असफलताओं से मिलती है आगे और ज्यादा मेहनत करने की सीख : देवदत्त पडिक्कल

एजेंसी

बेंगलुरु। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने टीम की शुरुआती दोनों जीत में अहम भूमिका निभाई है। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 29 गेंदों में 50 रन और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 26 गेंदों में 61 रन की पारी खेलकर उन्होंने अपने बेहतरीन फॉर्म का परिचय दिया है। पडिक्कल का यह प्रदर्शन केवल रन बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उनके खेल में आए बदलाव और मानसिक मजबूती को भी दर्शाता है। आईपीएल में अपने शुरुआती दौर में तकनीकी रूप से मजबूत बल्लेबाज के रूप में पहचान बनाने वाले पडिक्कल ने समय के साथ अपने खेल में बदलाव किया है। अपने कठिन दौर को याद करते हुए पडिक्कल ने कहा, जब चीजें मेरे



अनुसार नहीं हुईं तो मेरे पास कोई जवाब नहीं था, लेकिन उसी दौर ने मुझे बेहतर बनने की प्रेरणा दी। कई बार असफलताएं ही आपको याद दिलाती हैं कि आपको और कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। पडिक्कल की 2025 में आरसीबी में वापसी उनके करियर का अहम मोड़ साबित हुई। टीम के बल्लेबाजी कोच दिनेश कार्तिक ने बताया कि पडिक्कल टीम के लिए खेलने को लेकर बेहद उत्साहित थे। कार्तिक ने कहा, पहली बातचीत में ही उन्होंने कहा था कि वह आरसीबी के अलावा किसी और टीम के लिए खेलने की कल्पना भी नहीं कर सकते। वह शुरू से ही टीम के लिए कुछ खास करने के मिशन के साथ आए थे। आरसीबी में दोबारा मौका मिलने के बाद पडिक्कल ने अपने खेल में बदलाव करने का फैसला किया। खासकर टी20 क्रिकेट में तेजी से रन बनाने की क्षमता पर उन्होंने काफी काम किया। पडिक्कल ने कहा, मैंने तय किया कि मुझे अपने खेल में बदलाव करना होगा और परिणाम की चिंता किए बिना उस पर काम करना होगा। यह आसान नहीं था, क्योंकि मैं एक खास तरीके से खेलते हुए बड़ा हुआ हूं, लेकिन मुझे अपने कंफर्ट जोन से बाहर आना जरूरी लगा। उन्होंने 2025 सीजन में 10 मैचों में 150 के स्ट्राइक रेट से 247 रन बनाए थे। आईपीएल 2026 में पडिक्कल का यह विकास अब प्रदर्शन में साफ नजर आ रहा है। जहां सीएसके के खिलाफ उनकी पारी में संतुलित आक्रामकता दिखी, वहीं एसआरएच के खिलाफ उन्होंने और तेज अंदाज में बल्लेबाजी की।

## संक्षिप्त समाचार

### नजफगढ़ का 'प्रिंस': जिसने आईपीएल का सपना पूरा करने के लिए कांस्टेबल की परीक्षा छोड़ दी थी

**नयी दिल्ली।** कुछ साल पहले तक नजफगढ़ में रहने वाले रेलवे सुरक्षा बल के सहायक सब इंस्पेक्टर (एएसआई) राम निवास यादव अपने सबसे छोटे बेटे प्रिंस के भविष्य को लेकर बेहद चिंतित थे, जिसकी दिलचस्पी केवल टेनिस बॉल टूर्नामेंट में यॉर्कर गेंदबाजी करने में थी। लेकिन इस युवा क्रिकेटर को खुद पर भरोसा था और उसने अपने पिता से सीधे शब्दों में कह दिया, ''आप मेरी चिंता करना छोड़ दो। मैं अपने से कुछ कर लूंगा। अब बात करते हैं 2026 की। वह बेपरवाह दिखने वाला लड़का अपने वादे पर खरा उतर चुका है। लखनऊ सुपर जायंट्स के इस स्विंग गेंदबाज का नाम है प्रिंस यादव, जो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अक्षर पटेल और ईशान किशन जैसे अनुभवी भारतीय बल्लेबाजों के डिफेंस को भेदने में सफल रहा। प्रिंस के पिता रामनिवास ने कहा, ''कोई भी पिता अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित होगा और मैं भी था। 18 साल की उम्र तक उसने चमड़े की गेंद से एक बार भी गेंदबाजी नहीं की थी। मैंने उसे दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल की परीक्षा में बैठने के लिए मजबूर किया। वह शारीरिक रूप से फिट था, लेकिन लिखित परीक्षा के लिए अच्छी तरह से तैयार नहीं था क्योंकि उसका ध्यान कहीं और था। रामनिवास ने आखिर अपने बेटे की जिद मान ली क्योंकि उनके पास अपने बेटे का साथ देने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। उन्होंने कहा, ''बेटे की ज़िद है और हमें पूरा करना था। एक एएसआई के वेतन में कितना ही गुज़ारा हो पाता है। लेकिन मुझे खुशी है कि मैंने उसे अपनी इच्छा पूरी करने दी। प्रिंस के शानदार प्रदर्शन के बाद अब नजफगढ़ के खेड़ा डाबर गांव से भी लोग उनके घर पर बधाई देने के लिए आने लगे हैं। उन्होंने कहा, ''पहले हमारे इस इलाके को लोग इसलिए जानते थे क्योंकि पूर्व राष्ट्रपति साहिबा (प्रतिभा पाटिल) चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेदिक संस्थान का उद्घाटन करने (2012में) यहां आई थी। अब हमारा इलाका क्रिकेट के लिए फ़ेमस हो गया है। राम निवास के अनुसार प्रिंस के पहले और अब तक के एकमात्र कोच अमित वशिष्ठ और भारत के अंडर-19 विश्व कप विजेता तेज गेंदबाज प्रदीप सांगवान ने उनके खेल में निखार लाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, मैं अमित सर का जितना भी शुक्रिया अदा करूं, कम है। उन्होंने प्रिंस को टेनिस टूर्नामेंट खेलते हुए देखा और उसे नजफगढ़ स्थित अपनी अकादमी से जुड़ने के लिए कहा। प्रदीप जी (सांगवान) भी अमित सर के शिष्य थे और उन्होंने प्रिंस को फिटनेस में मदद की। एक समय ऐसा भी था जब प्रिंस अपनी पीठ पर रेत की बोरी बांधकर धान के खेतों में दौड़ते थे ताकि उनके शरीर का ऊपरी हिस्सा मजबूत बन जाए। रामनिवास ने कहा, ''प्रदीप ने उसका बहुत मार्गदर्शन किया और अमित सर ने उसके खेल में सुधार किया। मैं डीपीएल (दिल्ली प्रीमियर लीग) और नयी दिल्ली टीम को कैसे भूल सकता हूं। अगर डीपीएल नहीं होता, तो मुझे नहीं लगता कि मेरे बेटे की प्रगति इतनी तेज़ होती। इसलिए मैं डीडीसीए और विजय दहिया सर का भी आभारी हूं। प्रिंस के कोच वशिष्ठ ने कहा, ''वह यॉर्कर गेंदें फेंक सकता था और टेनिस बॉल को भी अच्छी गति से स्विंग करा सकता था। जब मैंने उसे देखा तो मैंने उसके दोस्तों से कहा कि वे उसे मुझसे मिलने के लिए कहें। वह पहले से ही 18 साल का था और उसके पास अपनी काबिलियत साबित करने के लिए बहुत कम समय था। वशिष्ठ को लगता है कि प्रिंस की कड़ी मेहनत करने की क्षमता ही उन्हें दूसरों से अलग बनाती है। उन्होंने कहा, ''वह कड़ी मेहनत करने से पीछे नहीं हटा। वह दिल्ली की भीषण गर्मी में भी दो घंटे गेंदबाजी कर सकता है। प्रदीप के साथ काम करने से उसकी फिटनेस में सुधार हुआ है। वह जहीर खान और भरत अरुण से भी टिप्स ले चुका है। अब उसकी सफलता की कोई सीमा नहीं है।

### देश को संपूर्ण खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की जरूरत : शिवराज सिंह चौहान

**जयपुर।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खाद्य सुरक्षा को महत्वपूर्ण बताते हुए मंगलवार को देश की संपूर्ण खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने फसलों का उत्पादन व उत्पादकता बढ़ाने, उत्पादन लागत कम करने और किसानों के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित करने का आह्वान किया। वह यहां पश्चिमी राज्यों के लिए क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। चौहान ने कहा, ''देश की खाद्य सुरक्षा हमको सुनिश्चित करनी है। 140 करोड़ भारतीय हैं उनके लिए पर्याप्त खाद्यान्न चाहिए। उनके लिए अनाज, फल, सब्जियां, तिलहन, दलहन व दूध भी३सब चाहिए। उन्होंने कहा, क्योंकि आज के युग में हम किसी पर भी निर्भर नहीं रह सकते। प्रधानमंत्री का संकल्प है आत्मनिर्भर भारत। आज तो दुनिया की परिस्थितियां ऐसी हैं कि भोजन के लिए निर्भरता कदापि मंजूर नहीं है। हमें आत्मनिर्भर होना चाहिए।'' केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि मुझको खुशी है कि गेहूं हो, चावल हो ..अन्न के तो हमारे भंडार भरे हैं। हालत यह है कि गेहूं व चावल में तो हमें विचार यह करना पड़ता है कि उसे रखे कहां? रखने की जगह नहीं है। तो हमने प्रगति बहुत की है लेकिन दलहन की कमी है। इसका हमें आयात करना पड़ता है। तेल का भी आयात करना पड़ता है। उन्होंने कहा, ''अगर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करनी है तो दलहन में भी हमको आत्मनिर्भर होना है। तिलहन में भी आत्मनिर्भर होना है। कोई भी चीज ऐसी न हो जो हमें बाहर से मंगानी हो। संपूर्ण खाद्य सुरक्षा हमको सुनिश्चित करनी है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी आवश्यकता अपने किसानों से अपने देश में पूरी करेगा और केवल इतना ही नहीं प्रधानमंत्री का कहना है कि भारत विश्वबंधु भी है इसलिए हम दुनिया की जरूरत को पूरा करेंगे। कोरोना के समय में भी हमने पूरा किया और अब संकट के समय भी भारत दुनिया को खाद्यान्न आपूर्ति की क्षमता रखता है। किसानों की आय बढ़ाने की बात करते हुए चौहान ने कहा, ''किसानों की आय बढ़ानी है, उनके जीवन स्तर को उठाना है और उनकी जिंदगी को भी आसान बनाना है। कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ और किसान उसकी आत्मा है। कृषि मंत्री के नाते मैं मानता हूं कि किसानों की सेवा हमारे लिए भगवान की पूजा है। किसानों की आय हम कैसे बढ़ा सकें इस दिशा में हमें कदम उठाने हैं।''

## भारत की अंडर17 महिला फुटबॉल टीम रूस के खिलाफ सोची में तीन मैत्री मैच खेलेगी

नयी दिल्ली। भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम रूस के खिलाफ 11 से 17 अप्रैल तक सोची में तीन मैत्री मैच खेलेगी। भारतीय टीम की मुख्य कोच पामेला कोंटी ने इस दौरे के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। यह मैच 11, 14 और 17 अप्रैल को सोची के मात्सेस्टा फुटबॉल सेंटर में खेले जाएंगे। इस साल चीन में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप की तैयारी कर रही भारतीय टीम सोमवार देर रात सोची पहुंची। भारतीय महिला टीम पिछले महीने यांगून गई थी जहां उसने मेजबान टीम के खिलाफ दो मैत्री मैच खेले। इन दोनों मैच में उसने जीत (2-0 और 3-2) हासिल की थी। इसके बाद भारतीय टीम ने बेंगलुरु में अभ्यास शिविर में हिस्सा लिया था। सूज़ौ में होने वाले एशियाई कप में भारत को ग्रुप बी में रखा गया है जहां उसका सामना ऑस्ट्रेलिया (दो मई), जापान (पांच मई) और लेबनान (आठ मई) से होगा।

## हमें खेल के सभी विभागों में अच्छा प्रदर्शन करना होगा: क्लासेन

एजेंसी

नयी दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने उम्मीद जताई कि सनराइजर्स हैदराबाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अच्छी शुरुआत नहीं करने के बावजूद आगे खेल के सभी विभागों में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहेगा। सनराइजर्स को अपने पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था लेकिन इसके बाद उसने कोलकाता नाइट राइडर्स को 65 रन से हराया। पिछले मैच में हालांकि उसे लखनऊ सुपर जायंट्स ने पांच विकेट से करारी शिकस्त दी। क्लासेन ने जिओ हॉटस्टार से कहा, ''हमारी बल्लेबाजी अब तक ठीकठाक रही है, लेकिन हमने तीन मैचों में लगभग 40 रन कम बनाए। हमें बल्लेबाजी में और सुधार करने की जरूरत है। जिन दो मैचों में हमें संघर्ष करना पड़ा, उनमें हमने बल्ले से अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। हमारे गेंदबाजों विशेषकर



तेज गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। हमें 220-230 रन बनाने होंगे ताकि हमारे गेंदबाजों को लक्ष्य का बचाव करने का मौका मिल सके। उन्होंने कहा, ''हमारी फील्डिंग अच्छी नहीं रही है और इससे हमारा प्रदर्शन प्रभावित हुआ है। मैं अभी तक हमें 10 में से छह अंक दूंगा। हमने कुछ चरणों में शानदार क्रिकेट खेली लेकिन खेल के महत्वपूर्ण मौकों पर चूक गए। क्लासेन ने कहा, ''हमारे गेंदबाजों ने रणनीति के अनुसार गेंदबाजी की है लेकिन हमारी फील्डिंग में सुधार की जरूरत है। हमें कैच लेने होंगे। हमें खेल के तीनों विभाग में सुधार करके अपनी लय बनानी होगी। क्लासेन ने पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था और अब केवल फ्रेंचाइजी लीग में ही खेल रहे हैं। उन्होंने पिछले दो मैचों में अर्धशतक बनाए और वह अपनी फॉर्म से खुश हैं। उन्होंने कहा, ''दुर्भाग्यवश हम दो मैच हार गए, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर मेरे लिए यह अच्छी शुरुआत रही है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि मैं इन दिनों ज्यादा क्रिकेट नहीं खेल रहा हूं। मैं अपनी इस फॉर्म को बरकरार रखना चाहूंगा। वह बल्लेबाजी क्रम में चौथे नंबर पर अपनी भूमिका और जिम्मेदारियों का भी आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा, ''यह (नंबर चार पर बल्लेबाजी करना) की भूमिका मैंने अपने पूरे करियर में निभाई है। इसमें आपको परिस्थितियों के अनुसार ढलना पड़ता है। टीम में मेरी भूमिका यह है कि अगर (ईशान) किशन, अभिषेक (शर्मा) और ट्रैविस हेड अच्छा प्रदर्शन कर रहे हो तब भी मैं अपना स्वाभाविक खेल खेलता रहूं। प्रत्येक मैच में अलग परिस्थितियां होंगी और मुझे बस उनके अनुसार ढलना होगा। सनराइजर्स अपना अगला मैच शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ न्यू चंडीगढ़ में खेलेगा। क्लासेन ने स्वीकार किया कि सनराइजर्स को पैट कमिंस की कमी खल रही है, जो अपनी पीठ की चोट का स्कैन कराने के लिए स्वदेश लौट गए हैं। उन्होंने कहा ''पैट की कमी बहुत खल रही है। उनके पास बहुत अनुभव है लेकिन ईशान कप्तानी की भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि यह कोई चिंता का विषय है।

## चार मैच की श्रृंखला के लिए अर्जेंटीना का दौरा करेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

नयी दिल्ली। भारत की सीनियर महिला हॉकी टीम चार मैचों की श्रृंखला के लिए अर्जेंटीना का दौरा करेगी। इस श्रृंखला के मैच 13 से 17 अप्रैल तक ब्यूनस आयर्स के सीएएनएआरडी में खेले जाएंगे। भारतीय टीम अपने मैच 13, 14, 16 और 17 अप्रैल को अर्जेंटीना के नेशनल सेंटर ऑफ हाई परफार्मेंस एथलेटिक्स सेंटर (जिसे सीएएनएआरडी के नाम से भी जाना जाता है) में खेलेगी। भारत और अर्जेंटीना के बीच हाल में कुछ कड़े मुकाबले खेले गए हैं। इनमें पिछले साल जून में एफआईएच प्रो लीग 2024-25 का मैच भी शामिल है जिसका फैसला 2-2 से बराबर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में किया गया। भारतीय टीम का यह दौरा बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप और इस साल के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है।

# सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में गिरावट का रुख नजर आ रहा है। दूसरी ओर चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,50,650 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,50,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,38,090 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,38,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु आज भी दिल्ली सर्राफा बाजार में सोमवार के भाव यानी 2,49,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही बिक रही है। दिल्ली में आज 24



कैरेट सोना 1,50,800 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,50,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,50,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,140 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,50,650 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,38,090 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

## जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड ने बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह को बनाया 'ब्रांड एंबेसडर'

नई दिल्ली। देश की प्रमुख स्टेनलेस स्टील कंपनी जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) ने बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह को अपना पहला ब्रांड एंबेसडर और नेशनल सेलिब्रिटी एंडोर्सर नियुक्त किया है। कंपनी ने कहा कि बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह को बेहद गर्व और उत्साह के साथ जिंदल स्टेनलेस ने रणवीर सिंह को अपना पहला ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है, जो कंपनी की ब्रांड यात्रा में एक नए अध्याय की शुरुआत है। इस कदम का मकसद अपने ब्रांड का उपभोक्ताओं से जुड़ाव मजबूत करना, कंपनी की ब्रांड दृश्यता बढ़ाना और भारत के विकास में स्टेनलेस स्टील की भूमिका को उजागर करना है। यह करार देशव्यापी टीवी, डिजिटल और सोशल मीडिया अभियानों के माध्यम से उपभोक्ताओं से जुड़ाव को मजबूत करेगा। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक (एमडी) अभ्युदय जिंदल ने कहा कि जिंदल स्टेनलेस अपने विकास के अगले चरण में प्रवेश कर रही है।

## एयर इंडिया की घरेलू उड़ानें 899 रुपये तक महंगी, नया किराया 8 अप्रैल से होगा लागू

एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के कारण एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों में भारी बढ़ोतरी का असर अब हवाई यात्रियों की जेब पर पड़ने वाला है। देश की प्रमुख एयरलाइन एयर इंडिया ने लागत के बढ़ते दबाव को देखते हुए अपने फ्यूल सरचार्ज में बदलाव का फैसला लिया है। नई दरें 8 अप्रैल से प्रभावी होंगी। एयर इंडिया समूह ने मंगलवार को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर संशोधित ईंधन अधिभार बढ़ाने की घोषणा की है। एयरलाइन के इस कदम के बाद घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के टिकटों की कीमतों में अब इजाफा होना तय है, जिससे आने वाले दिनों में डोमेस्टिक फ्लाइट में किराया 299 रुपये लेकर 899 रुपये तक बढ़ जाएगा। अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट टिकटों के दाम 2,200 रुपये लेकर 26 हजार रुपये तक बढ़ जाएंगे। एयरलाइन ने कहा कि पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय तथा नागरिक उड्डयन मंत्रालय के घरेलू एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एफटीए) की कीमतों में बढ़ोतरी की सीमा 25 फीसदी तय करने के निर्णय के बाद एयर इंडिया समूह भी इसी संतुलित दृष्टिकोण को अपना रहा है। इसके तहत घरेलू उड़ानों पर लगने वाले एक समान सरचार्ज को हटाकर दूरी पर आधारित एक नई ग्रिड प्रणाली लागू की जा रही है, जो 08 अप्रैल से प्रभावी होगी, जिसमें एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानें भी शामिल हैं। एयर इंडिया के मुताबिक जेट फ्यूल की कीमतें लगभग दोगुनी होने के कारण उड़ानों की लागत बढ़ गई है। विमान ईंधन की औसत कीमत 195.19 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई है, जो फरवरी के अंत में 99.40 डॉलर थी। इससे पहले इंडिगो ने भी फ्यूल सरचार्ज बढ़ाया था। एयरलाइंस का फ्यूल सरचार्ज टिकट पर लगने वाली वह एक्स्ट्रा फीस है, जो तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण वसूली जाती है। यह चार्ज एयरलाइंस को ईंधन के बढ़ते खर्चों से निपटने में मदद करता है।

## कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल डब्ल्यूटीआई 116 डॉलर प्रति बैरल के पार

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध संकट और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान को दी गई चेतावनी के बाद कच्चे तेल की कीमतों में 3 फीसदी से ज्यादा का उछाल आया है, जिससे कीमतें नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में मंगलवार को कच्चा तेल की कीमत में 3 फीसदी से ज्यादा का उछाल देखने को मिला है। मई में आपूर्ति वाले वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) कच्चे तेल का वायदा भाव 4.14 डॉलर यानी 3.7 फीसदी की बढ़त के साथ 116.55 डॉलर प्रति बैरल हो गया। ब्रेंट तेल के जून में आपूर्ति वाले अनुबंध की कीमत 1.5 फीसदी चढ़कर 111.40 डॉलर प्रति बैरल हो गई है। ब्रेंट क्रूड ने पश्चिम एशिया



संघर्ष की शुरुआत के बाद से 60 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज की है। विश्लेषकों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में वैश्विक आपूर्ति के जटिल हालात और ऊर्जा निर्यात के लिए महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर मौजूदा अनिश्चितता के कारण कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही हैं। व्यापारियों को आपूर्ति में संभावित बाधा और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को लेकर चिंता बनी हुई है।

# केंद्र सरकार उद्योगों को देगी राहत, स्पेशल क्रेडिट गारंटी स्कीम का ड्राफ्ट तैयार

एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी जंग के कारण दुनिया के तमाम देशों की तरह ही भारत की अर्थव्यवस्था पर भी लगातार दबाव बढ़ रहा है। इस दबाव की वजह से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के साथ ही सप्लाई और सर्विस सेक्टर पर भी काफी नकारात्मक असर पड़ा है। संकट की स्थिति में केंद्र सरकार जल्दी ही बड़ा राहत पैकेज जारी करने का ऐलान कर सकती है। स्पेशल क्रेडिट गारंटी स्कीम नाम के ढाई लाख करोड़ के इस राहत पैकेज का ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि जल्दी ही इस ड्राफ्ट को कैबिनेट की मंजूरी मिल




सकती है। इस राहत पैकेज को कोरोना संकट के दौरान साल 2020 में लाई गई इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम (ईसीजीएलएस) के तर्ज पर तैयार किया गया है। हालांकि इस राहत पैकेज का दायरा और बजट ईसीजीएलएस की तुलना में काफी अधिक बड़ा होगा। जानकारों के अनुसार इस क्रेडिट गारंटी स्कीम के जरिए केंद्र सरकार उन सभी सेक्टर्स को वित्तीय सहायता देगी, जो पश्चिम एशिया में जारी जंग की वजह से प्रभावित हुए हैं। खासकर, जिन सेक्टर्स को युद्ध के कारण सप्लाई चेन बाधित होने की वजह से बढ़ी हुई लागत का सामना करना पड़ रहा है, उन्हें इस राहत पैकेट के जरिए वित्तीय सहायता देकर लिक्विडिटी क्रंच से बचाने की कोशिश की जाएगी। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राहत पैकेज के तहत नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी (एनसीजीटीसी) के जरिए कंपनियों को दिए जाने वाले कर्ज पर केंद्र सरकार 90 प्रतिशत की क्रेडिट गारंटी देगी। क्रेडिट गारंटी का मतलब है कि अगर कर्ज लेने वाली कोई कंपनी किस्तों का भुगतान करने में विफल रहती है, तो बैंक को होने वाले नुकसान के 90 प्रतिशत हिस्से की भरपाई केंद्र सरकार करेगी। सरकार की इस गारंटी के कारण बैंक बिना किसी डर के जरूरतमंद कंपनियों को कर्ज दे सकेंगे। कोरोना काल में शुरू की गई इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम की तरह ही इस राहत पैकेज में भी कर्ज लेने वाली कंपनियां को कोई अतिरिक्त सुरक्षा या अतिरिक्त गारंटी देने की जरूरत नहीं होगी। इस योजना के लिए चार साल की अवधि का प्रस्ताव किया गया है। इस प्रस्ताव के अनुसार कर्ज लेने वाली कंपनियों को मूलधन चुकाने के लिए अधिकतम एक साल की अतिरिक्त छूट दी जा सकती है। हालांकि इस अवधि में कंपनियों को नियमित तौर पर ब्याज का भुगतान करना होगा।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# कानपुर में आपदा के बाद राहत कार्य हुआ तेज, हर पीड़ित तक मदद पहुंचाने में जुटे विधायक मैथानी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद में बीते दिनों बदले मौसम के चलते आई प्राकृतिक आपदा के बाद राहत कार्यों में तेजी लाते हुए प्रशासन की टीमें जुटी हुई हैं। प्रभावित लोगों को शीघ्र सहायता और मुआवजा उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं गिरे पेड़ों को हटाकर मार्गों को सुचारू किया जा रहा है और बिजली व्यवस्था बहाल करने के प्रयास लगातार जारी हैं। प्रशासनिक टीमें दिन-रात काम कर रही हैं ताकि जनजीवन जल्द सामान्य हो सके। इसी क्रम में गोविंद नगर से भारतीय जनता पार्टी के विधायक सुरेंद्र मैथानी जुटे हुए है। उन्होंने मंगलवार को अपने वीडियो संदेश जारी कर कहा कि ह्लमेरा लक्ष्य है कि हर प्रभावित परिवार को राहत मिले और क्षेत्र की स्थिति शीघ्र सामान्य हो। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में आए तेज अंधड़ और प्राकृतिक आपदा के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कई स्थानों पर पुराने और भारी पेड़ गिरने से सड़कें बाधित हो गईं, बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त हुए और स्थानीय संपत्तियों को नुकसान पहुंचा। वहीं, कई गरीब परिवारों के कच्चे मकान भी ढह गए, जिससे उनके सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है। विधायक सुरेंद्र मैथानी ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्वयं राहत कार्यों की कमान संभाली और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। उन्होंने जिलाधिकारी से वार्डवार सर्वे कराकर प्रभावित परिवारों की सूची तैयार करने और उन्हें जल्द से जल्द मुआवजा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही एसडीएम सदर को निर्देशित किया गया कि सभी लेखपालों को तत्काल क्षेत्र में भेजकर मकानों के नुकसान का निरीक्षण कराया जाए और रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत की जाए। विधायक ने स्पष्ट कहा कि आवश्यकता पड़ने पर वह शासन स्तर तक मामला उठाकर प्रभावितों को राहत दिलाने में हर संभव सहयोग करेंगे। नगर निगम, वन विभाग और विद्युत विभाग को 'युद्ध स्तर' पर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। गिरे पेड़ों को काटकर हटाने, सड़कों को साफ करने और बिजली आपूर्ति बहाल करने का कार्य तेजी से चल रहा है ताकि आमजन को राहत मिल सके। विधायक ने जनता से धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए आश्वस्त किया कि प्रशासन पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है और जल्द ही हालात सामान्य कर दिए जाएंगे।

## वाराणसी शहर में 30.745 किलो अवैध गांजा के साथ ओडिशा के दो तस्कर गिरफ्तार

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के जनपद वाराणसी में थाना सिगरा पुलिस टीम में मुखबिर की सूचना पर अन्तर्राज्यीय गिरोह के ओडिशा निवासी तस्करों सन्तोष कुमार बेहरा और रोहित साहू को अमूल डेयरी एन.ई.आर. पार्क के पास से 30.745 किलो अवैध गाँजा (अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रूपया) के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन और मोबाइल फोन भी बरामद किया। सिगरा थाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार शुक्ला ने कहा कि सिगरा पुलिस द्वारा ''ऑपरेशन चक्रव्यूह'' के तहत चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन व अवैध नशीले पदार्थ की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान में मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि एक चार पहिया वाहन पिकअप कैंट ओवर ब्रिज से उतर कर महमूरगंज की तरफ जाएगी, जिसमें मादक पदार्थ की संभावना है। यदि जल्दी किया जाए तो पकड़े जा सकते है। इस सूचना पर विश्वास करते हुए पुलिस टीम अपने मुखबिर के साथ अमूल डेयरी के पास एनईआर पार्किंग के पास पहुंच कर आने-जाने वाले वाहनों की तलाशी करने लगे। तभी कैण्ट की तरफ से तेजी से आती हुई एक सफ़ेद बोलेरो पिकअप दिखायी दी, संदेह के आधार पर हम पुलिस वाले उक्त वाहन को रोकने का इशारा किया तो थोड़ा आगे करीब 35-40 कदम पर उक्त वाहन रूका। मौके पर गाड़ी की तलाशी ली गयी तो दो सफ़ेद बोरी में अवैध गाँजे के कुल 30 पैकेट बरामद हुए। अवैध मादक पदार्थ के साथ सन्तोष कुमार निवासी जिला अनुगुल, ओडिशा और रोहित साहू निवासी जिला-अनुगुल, ओडिशा को कारण गिरफ्तारी बताते हुए गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना सिगरा में धारा- 8, 20, 29 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आईएमए बरेली की साइकिल रैली, स्वस्थ जीवन शैली का दिया संदेश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




बरेली । विश्व स्वास्थ्य दिवस पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) बरेली की ओर से मंगलवार सुबह साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम करने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। रैली में बड़ी संख्या में चिकित्सकों और शहरवासियों ने भाग लिया। मंगलवार सुबह छह बजे सिविल लाइंस स्थित आईएमए भवन से रैली शुरु हुई और रैली श्यामगंज फ्लाईओवर, केशलता हॉस्पिटल, धरम कांटा चौराहा, महादेव फ्लाईओवर और चौकी चौराहा होते हुए पुनः आईएमए भवन पहुंचकर समाप्त हुई। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस दौरान विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम ह्लस्वास्थ्य के लिए एक साथ, विज्ञान के साथ खड़े होंङ्क को भी प्रमुखता से उठाया गया। चिकित्सकों ने कहा कि नियमित साइकिल चलाना, पैदल चलना और अन्य शारीरिक गतिविधियां शरीर को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। साथ ही इससे प्रदूषण कम करने में भी मदद मिलती है। आईएमए बरेली के अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए लोगों को अपनी दिनचर्या में व्यायाम को शामिल करना चाहिए। कम्युनिटी सर्विस चेयरमैन डॉ. प्रमेन्द्र महेश्वरी, मानद सचिव डॉ. अंशु अग्रवाल और मीडिया सचिव डॉ. कामेन्द्र सिंह ने भी लोगों से स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की अपील की। रैली में डॉ. डी.पी. गंगवार, डॉ. राजीव गोयल, डॉ. सुमित अग्रवाल, डॉ. आलोक सिंह, डॉ. पंकज कुमार और डॉ. विभोर प्रधान समेत कई चिकित्सक मौजूद रहे।

# मीरजापुर में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से पांटून पुल बंद, घंटों बाद बहाल हुआ आवागमन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के जनपद मीरजापुर में गंगा नदी का जलस्तर करीब ढाई फीट बढ़ने से जोपा गांव के सामने बने जोपा-रामपुर घाट पांटून पुल पर मंगलवार सुबह से आवागमन ठप हो गया। अचानक पुल बंद होने से दोनों ओर वाहनों और राहगीरों की लंबी कतार लग गई, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना पर पहुंची कार्यदाई संस्था पीडब्ल्यूडी (भदोही) की टीम ने स्थिति का जायजा लिया। अवर अभियंता अंशू मिश्रा ने बताया कि पानी बढ़ने से पुल का उत्तरी छोर जलमग्न हो गया था, जिससे आवागमन रोकना पड़ा। उन्होंने बताया कि अधिक पानी के कारण नया पीपा लगाना संभव नहीं था। इसके बाद वैकल्पिक व्यवस्था के तहत लोहे के गार्डर पर लकड़ी के पटरे और टिन शेड बिछाकर दोपहर एक बजे के बाद आवागमन बहाल कराया गया। गांव के प्रधान गोवर्धन पटेल ने बताया कि विभाग ने त्वरित कार्रवाई कर समस्या का समाधान किया। पुल चालू होने के बाद चिलचिलाती धूप में घंटों से इंतजार कर रहे वाहन चालकों और राहगीरों ने राहत की सांस ली।

## प्रयागराज में फूड कोर्ट पर छापा, गौवंश अधिनियम में चार गिरफ्तार

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित खुल्दाबाद थाना क्षेत्र के रोशन बाग स्थित एक फूड कोर्ट में सोमवार की रात छापेमारी कर गौवंश अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं कुछ आरोपित मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है। दरअसल विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के गोरक्षा प्रांत मंत्री लालमणि तिवारी ने खुल्दाबाद थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि रोशन बाग स्थित ह्लनवाबी जायकाङ्क नामक दुकान पर अवैध रूप से गौमांस से खाद्य सामग्री तैयार की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर छापेमारी की। जांच के दौरान मौके से मांस बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, इस मामले में करेली थाना क्षेत्र के अकबरपुर निवासी मोहम्मद जैद, बहराइच के कैसरगंज निवासी पिज्जन, शाहगंज क्षेत्र के अयान तथा समसुल लंका के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के आधार पर अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। छापेमारी के दौरान मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने विरोध करते हुए हंगामा और धक्का-मुक्की की, जिसके बाद स्थिति को नियंत्रित करते हुए पुलिस ने कार्रवाई पूरी की। इस मामले को देखते हुए क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी गई है। इस संबंध में पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने मंगलवार को बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह सम्पादक**
डा. सुशील चन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
राधेश्याम मिश्रा आईएएस (रि)
विवेक वार्ष्णेय आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**कार्यकारी संपादक**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
मनोज कुमार शुक्ला

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


# लाल निशान मिटाने वालों दुकानदारों पर सख्ती, बुलडोजर चलाकर कोहाड़ापीर में अवैध दुकानें ध्वस्त

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बरेली। उत्तर प्रदेश के जनपद बरेली के कोहाड़ापीर इलाके में मंगलवार को नगर निगम का बुलडोजर अवैध अतिक्रमण पर चला और पेट्रोल पंप के सामने बनी कई अवैध दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई शुरू होते ही इलाके में अफरातफरी मच गई और दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

नगर निगम ने पहले से ही सड़क किनारे बने अवैध निर्माणों को चिह्नित कर उन पर लाल निशान लगाए थे। आरोप है कि कुछ दुकानदारों ने इन निशानों को मिटा दिया था। इसे गंभीर मानते हुए निगम अधिकारियों ने सबसे पहले उन्हीं दुकानों पर कार्रवाई की। दो बुलडोजरों की मदद से कुछ ही देर में कई अवैध निर्माण जमींदोज कर दिए गए। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि सरकारी निशान मिटाना या उनसे छेड़छाड़ करना गंभीर मामला है और ऐसा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने साफ किया कि अतिक्रमण हटाने का अभियान अब लगातार जारी रहेगा। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम के दूसरे चरण के तहत की जा रही है। योजना के अंतर्गत कोहाड़ापीर से कुदेशिया मार्ग और धर्मकांटा से कोहाड़ापीर तक सड़क चौड़ीकरण होना है। इसके लिए करीब 50 से 55 अतिक्रमण चिह्नित किए गए हैं। मंगलवार को मजार के पास बनी अवैध दुकानों को हटाकर अभियान की शुरुआत की गई। कार्रवाई के दौरान किसी तरह का विरोध न हो, इसके लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन और नगर निगम की संयुक्त मौजूदगी में ध्वस्तीकरण शांतिपूर्ण ढंग से पूरा कराया गया। नगर निगम के एक्सईएन राजीव कुमार राठी ने बताया कि सड़क चौड़ी होने से ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर होगी और जाम की समस्या में काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में शहर के अन्य हिस्सों में भी अतिक्रमण के खिलाफ अभियान तेज किया जाएगा।

## श्री संकट मोचन संगीत समारोह के अंतर्राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी में पारम्परिक रामलीला के मुखौटे आकर्षण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर में स्थित श्री संकटमोचन मंदिर के वार्षिक संगीत समारोह में अंतर्राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी में शामिल कलाकारों की बेमिशाल कृतियों ने दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। सोमवार देर शाम चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन बीएचयू चिकित्सा विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. एस.एन. शंखवार ने किया। 11 अप्रैल तक चलने वाले समारोह में देश-विदेश के कलाकारों की 1000 से अधिक चित्र प्रदर्शनी में शामिल किए गए है। प्रदर्शनी में काशी के प्रसिद्ध रामलीला से संबंधित छवि चित्रों तथा रामलीला मंचन में प्रयोग किए जाने वाले पारंपरिक मुखौटों को भी शामिल किया गया है। समारोह के साहित्य मंच पर तीन कलाकार–डॉ. सुरेश चंद्र जांगिड, अक्षत सिंह और मो. सुलेमान ने हनुमत प्रभु के विग्रह के समक्ष लाइव अपनी कला का प्रदर्शन किया। संकटमोचन संगीत समारोह के 103वें संस्करण के कला दीर्घा में इस बार 25 मूर्ति व पेंटिंग कला के साधक भी हनुमत प्रभु के दरबार में हाजिरी लगा रहे है। चित्र प्रदर्शनी के संयोजक प्रो. विजयनाथ मिश्र ने बताया कि कला दीर्घा में चित्रकला, मूर्तिकला, रामनगर रामलीला के मुखौटे, छायाचित्र और साहित्य का संगम दिखेगा। लोग छह दिनों तक संगीत के साथ हनुमान जी के विविध रूपों का दर्शन करेंगे। देशी-विदेशी कलाकारों में तेहरान के कलाकार भी भाग ले रहे है। उन्होंने बताया कि दंडपाणि भैरव के चित्र भी लगाए गए है। जिनमें काशी में उनके आगमन को दर्शाया गया है। अतिथि कलाकारों में इटली, स्पेन, अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस सहित करीब 15 देशों के चित्रकारों के श्रीराम दरबार, हनुमान जी आदि पर आधारित चित्र आ गए हैं, जिन्हें दीर्घा में प्रदर्शित किया गया है।

## बौद्धिक संपदा अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम के लिये कुलपति को मिला प्रशस्ति पत्र



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर (पीयू) को भारत सरकार के नेशनल इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी अवेयरनेस मिशन के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया है। यह सम्मान विश्वविद्यालय द्वारा 26 फरवरी 2026 को बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम की सफलता और सक्रिय सहभागिता के लिए दिया गया है। यह प्रशस्ति-पत्र भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग के महानियंत्रक (पेटेंट, डिजाइन और व्यापार चिह्न) प्रो. (डॉ.) उन्नत पी. पंडित की ओर से जारी किया गया है। मंगलवार को विश्वविद्यालय के आईपीआर सेल के नोडल प्रभारी प्रो. रवि प्रकाश ने यह सम्मान कुलपति प्रो. वंदना सिंह को भेंट किया। कार्यक्रम में परीक्षा नियंत्रक विनोद कुमार सिंह एवं डॉ. प्रवीण कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। जागरूकता कार्यशाला के सफल आयोजन में आईपीआर सेल के सदस्य प्रो. राजेश शर्मा, डॉ. रसिकेश, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. मंगला यादव के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के शिक्षकों डॉ. रीतेश बरनवाल, डॉ. शैलेश प्रजापति, डॉ. अजय मौर्य, डॉ. पारुल त्रिवेदी, डॉ. विशाल यादव, पूनम सोनकर, डॉ. तुषार श्रीवास्तव एवं डॉ. ज्योति सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि पर शिक्षकों और कर्मचारियों ने खुशी जताते हुए इसे संस्थान के लिए गर्व का विषय बताया।

# संघ प्रमुख डॉ भागवत ने वृंदावन में संत मलूक दासजी महाराज के 452वें जयंती महोत्सव का किया शुभारंभ



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मथुरा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने मंगलवार को वृंदावन के मलूकपीठ आश्रम में आयोजित संत मलूक दासजी महाराज के 452वें जयंती महोत्सव का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।उन्होंन संत शिरोमणि मलूकदास महाराज की समाधि पर पूजा-अर्चना भी की और यहां की दिव्य रज को अपने माथे से लगाया।उन्होंने एकता का संदेश भी दिया। आरएसएस के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत के मलूकपीठ आश्रम पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। समारोह में पूजा अर्चना करने के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सर संघचालक डॉ मोहन भागवत ने मंच से संतों संग एकता का संदेश दिया। इस आयोजन की विशेष बताते हुए इसके महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर प्रख्यात योग गुरु स्वामी बाबा रामदेव भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी सभी संतों को नमन किया। इस धार्मिक समारोह में गीतामनीषी ज्ञानानंद महाराज ने संत शिरोमणि मलूकदास महाराज के व्यक्तित्व व कृतित्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संत शिरोमणि मलूकदास महाराज दिव्य संत थे। गीतामनीषी ज्ञानंद महाराज उन्होंने संघ प्रमुख का मलूकपीठ आश्रम में प्रथम बार आगमन पर स्वागत किया। इस अवसर पर मलूकपीठाधीश्वर आचार्य राजेंद्रदास महाराज ने आरएसएस प्रमुख डॉ भागवत को ठाकुर जी की छवि भेंट की। मंगलवार को डॉ भागवत के आगमन को लेकर मलूक पीठ परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है। जयंती समारोह के इन कार्यक्रमों में आज शाम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। उनके दौरे को लेकर स्थानीय प्रशासन और संगठन पूरी तरह सतर्क है। उल्लेखनीय है कि वृंदावन के मलूक पीठ (वंशीवट) में 7 अप्रैल 2026 को संत मलूक दास जी महाराज का 452वां जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस आयोजन में अष्टयाम लीला, समाधि पूजन, और प्रमुख संतों की उपस्थिति के साथ आध्यात्मिक चर्चाएं हो रही हैं। 30 मार्च से चल रहा यह आयोजन 8 अप्रैल तक चलेगा और इस महोत्सव में प्रतिदिन भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित हैं।